Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 43 जयपुर, मंगलवार, 16 जुलाई 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### जेल में बंद रहेंगे केजरीवाल, नहीं मिली जमानत

## हाईकोर्ट में 7 अगस्त को अगली सुनवाई, ईडी ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। शराब नीति केस में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 7 अगस्त को होगी। तब तक केजरीवाल तिहाड़ जेल में ही बंद रहेंगे। केजरीवाल के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उन्हें अंतरिम जमानत दी गई है। आगे उन्होंने कोर्ट से कहा कि उन्हें और अधिक समय चाहिए। क्योंकि क्कने कल रात 11 बजे याचिका पर नया जवाब दाखिल किया है। इसके बाद कोर्ट ने मामले को 6 अगस्त तक स्थगित कर दिया है। इससे पहले केजरीवाल ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली क्ककी याचिका पर जवाब दाखिल किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो क्ककी जासूसी का शिकार हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनकी जमानत रद्द करने की क्ककी याचिका विचार करने के लायक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित पिछले फैसले के बिल्कुल अलग है। ट्रायल कोर्ट का जमानत ऑर्डर न केवल तर्कपूर्ण था, बल्कि यह दर्शाता है कि दोनों पक्षों की दलीलों पर विवेक के आधार पर फैसला सुनाया गया था। ऐसा कोई सबूत नहीं है जो यह साबित करे कि आप को साउथ ग्रुप से रिश्वत मिली है। इस रिश्वत का गोवा चुनाव में इस्तेमाल तो दूर की बात है। आप के पास एक भी रुपया नहीं मिला। इस संबंध में लगाए गए आरोप को साबित करने के कोई भी ठोस सबूत नहीं है।



### राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी

दरअसल, 20 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी। 21 जून को ईडी ने हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दी थी। 25 जून को इस पर सुनवाई हुई। ईडी ने तब हाईकोर्ट से कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने हमारा पक्ष ठीक से नहीं सुना। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा- सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। कोर्ट ने कहा- फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत को क्कको बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। दिल्ली एख्र केजरीवाल पर क्कके अलावा एउत्रका केस भी चल रहा है। शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर एउत्रने उन्हें 26 जून को गिरफ्तार किया था। 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को क्कके केस में अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन मामला बड़ी बेंच को ट्रांसफर कर दिया था। इस पर सुनवाई की तारीख सामने नहीं आई है।

### हाईकोर्ट की 5 टिप्पणियां

ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है। यह दर्शाता है कि ट्रायल कोर्ट ने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। इस बात पर मजबूत तर्क दिया गया कि जज ने धारा 45 पीएमएलए की दोहरी शर्त पर विचार-विमर्श नहीं किया। ट्रायल कोर्ट को ऐसा कोई निर्णय नहीं देना चाहिए जो हाईकोर्ट के फैसले से उलट हो। ट्रायल कोर्ट ने धारा 70 पीएमएलए के तर्क पर भी विचार नहीं किया है। कोर्ट का यह भी मानना है कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के लिए जमानत दी थी। एक बार जब उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट से खारिज कर दी गई है, तो यह नहीं कहा जा सकता है कि कानून का उल्लंघन करके उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था।ईडी कस्टडी के दौरान जांच अधिकारी ने कोई खास इंट्रोगेशन (पूछताछ) नहीं किया। एक राजनीतिक विरोधी को परेशान और अपमानित करने के लिए अवैध रूप से गिरफ्तारी की गई है। केजरीवाल ने कहा कि ईडी की दलीलें कानून के हिसाब से ठीक नहीं थीं। क्ककी दलीलें असंवेदनशीलता के रवैये को दर्शाती हैं। पीएमएलए की धारा 3 के तहत मेरे खिलाफ कोई केस नहीं बनता है। और मेरे जीवन और स्वतंत्रता को झूठे और दुर्भावनापूर्ण मामले से बचाया जाना चाहिए। ईडी ने अन्य सह आरोपियों पर दबाव बनाया और उनसे ऐसे बयान दिलवाए, जिससे केस में क्कको फायदा हुआ।

### राज्यसभा में भाजपा के 86, एनडीए के 101 सांसद

## बहुमत से 13 सदस्य कम, सरकार को बिल पास कराने में हो सकती है परेशानी

■ संजीवनी टुडे



नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र 23 जुलाई से शुरू हो रहा है। विपक्ष फिर से सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है। वहीं, राज्यसभा में भाजपा के पास 86 सीटें और सहयोगी दलों को मिलाकर यानी गक्ष के पास 101 सीटें हैं। चार साल बाद भाजपा की स्ट्रैंथ 90 से नीचे से चली गई है। 13 जुलाई को पार्टी के 4 मनोनीत सदस्य सेवानिवृत्त हो गए। राज्यसभा में कुल सांसदों की संख्या 245 है। फिलहाल 226 सांसद हैं। इसमें बहुमत का आंकड़ा 114 है। गक्ष की बहुमत के आंकड़े से 13 सीटें कम है। इस लिहाज से देखें तो सरकार को बिल पास कराने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खाली19 सीटों पर जल्द ही चुनाव होने हैं। भाजपा और सहयोगी दलों को 7 राज्यों से सीटें मिलने की उम्मीद है। एनडीए के गणित के मुताबिक, उन्हें बिहार, महाराष्ट्र और असम से 2-2 और हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा से 1-1 राज्यसभा सीट मिल सकती है। माना जा रहा है कि जिन 4 लोगों को राज्यसभा में नॉमिनेट किया गया है, वे भी सरकार का समर्थन करेंगे, क्योंकि उन्हें उच्च सदन में सरकार ही लेकर आई है। सामान्य रूप से राज्यसभा में नामित सदस्य स्वतंत्र होते हैं, लेकिन परंपरागत रूप से वे उसी का समर्थन करते हैं, जिस दल ने उन्हें नॉमिनेट किया है। राज्यसभा में भाजपा 10 साल में 55 से 101 तक पहुंच गई। भाजपा के 2014 में 55 और 2019 में 78 सांसद थे। जून 2020 में यह संख्या 90 हो गई। इसके बाद पार्टी ने 11 सीटें जीतीं। इससे सदस्यों की संख्या 101 तक पहुंच गई। 1990 के ऐसा पहली बार हुआ था, जब कोई पार्टी ने 100 का आंकड़ा पार किया था। राज्यसभा में जो 19 सीटें अभी खाली हैं, उनमें जम्मू-कश्मीर से 4 और नामित सदस्यों की 4 सीटें हैं। वहीं, बाकी की 11 सीटें अलग-अलग राज्यों से हैं, जिसमें असम, बिहार, महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश,राजस्थान और त्रिपुरा हैं। इनमें से 10 सीटें राज्यसभा सांसदों के लोकसभा चुनाव लड़ने और जीतने के कारण खाली हुई हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में रिव्यू पिटिशन खारिज की

## ग्रुप पर लगे स्टॉक प्राइस मैनिपुलेशन की जांच एसआईटी-सीबीआई को ट्रांसफर करने से इनकार किया था

■ संजीवनी टुडे



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में अपने 3 जनवरी के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में अडाणी ग्रुप की ओर से स्टॉक प्राइस में हेरफ़ेर के आरोपों की जांच एसआईटी या सीबीआई को ट्रांसफर करने से इनकार कर दिया था। चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह याचिका खारिज की है। इस याचिका को अनामिका जायसवाल ने दायर किया था। समीक्षा याचिका में दावा किया गया था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में गलतियां और त्रुटियां थीं। समीक्षा याचिका 8 मई को खारिज कर दी गई थी, लेकिन आदेश सोमवार को सार्वजनिक किया गया। जज मौखिक सुनवाई किए बिना अपने चैंबर में समीक्षा याचिकाओं पर विचार करते हैं। जायसवाल की याचिका, फरवरी में दायर की गई थी। 24 जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए थे। केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 6 सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसके अलावा मार्केट रेगुलेटर सेबी को भी जांच करने के लिए कहा था। कोर्ट ने कहा कि सेबी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। सेबी ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए हम सेबी को अन्य दो मामलों में 3 महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ग्एएघ्ट की रिपोर्ट को सेबी की जांच पर संदेह के तौर पर नहीं देखा जा सकता। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि जांच को सेबी से एसआईटी को ट्रांसफर करने का कोई आधार नहीं है। इन्वेस्टर और कारोबारी जॉर्ज सोरोस और रॉकफ़ेलर ब्रदर्स जैसे लोगों की फंडेड डीसीसीआरपी 2006 में बनी एक इन्वेस्टिगेटिव संस्था है। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी 3 जनवरी को सेबी को बचे हुए 2 मामलों की जांच के लिए 3 और महीने का समय दिया है।

### 19 मई 2023 को कमेटी ने सार्वजनिक की थी रिपोर्ट

वहीं सुप्रीम कोर्ट की कमेटी अडाणी-हिंडनबर्ग मामले की जांच रिपोर्ट 19 मई 2023 को सार्वजनिक की थी। कमेटी ने कहा था कि अडाणी के शेयरों की कीमत में कथित हेरफ़ेर के पीछे ट्क्उत्रकी नाकामी थी, अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सकता। कमेटी ने ये भी कहा था कि ग्रुप की कंपनियों में विदेशी फंडिंग पर सेबी की जांच बेनतीजा रही है। वहीं मामले की जांच को सेबी से लेकर एसआईटी को देने से भी इनकार कर दिया।

### शहीद के पेरेंट्स-पत्नी को इंश्योरेंस फंड के 50-50 लाख मिले

## आर्मी बोली- पेंशन पत्नी को मिलेगी, क्योंकि अंशुमान ने उन्हें नॉमिनी बनाया था

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सियाचिन में सेना के टेंट में आग लगने से 19 जुलाई 2023 को शहीद हुए देवरिया के कैप्टन अंशुमान के परिवार को आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड से 1 करोड़ रुपए दिए गए। यह रकम अंशुमान के पेरेंट्स और उनकी पत्नी में आधी-आधी बांटी गई। शहीद के माता-पिता ने कहा था- बेटे को मिले मरणोपरांत कीर्ति चक्र को बहू ने छूने भी नहीं दिया। बेटे के जाने के बाद बहू सम्मान लेकर चली गई। हमारे पास कुछ नहीं बचा। आर्मी को शहीद के परिवार को मिलने वाली वित्तीय सहायता के नियमों में बदलाव करना चाहिए। इसे लेकर आर्मी के सूत्रों ने कहा है कि आर्मी की ओर से पेरेंट्स को 50 लाख और पत्नी को 50 लाख दिए जा चुके हैं। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक शहीद की पेंशन उनकी पत्नी स्मृति को ही मिलेगी, क्योंकि अंशुमान ने उन्हें नॉमिनी बनाया था। इसके अलावा यूपी सरकार ने भी परिवार को 50 लाख रुपए दिए थे। इसमें से 15 लाख माता-पिता और 35 लाख रुपए पत्नी स्मृति को दिए गए थे। इसके बावजूद शहीद के पेरेंट्स ने कहा था कि वित्तीय सहायता के नियमों में बदलाव होना चाहिए।



### आर्मी ने कहा- शहीद के पिता रिटायर्ड खएग, उन्हें पेंशन मिलती है

आर्मी के एक अधिकारी ने कहा- कैप्टन अंशुमान मार्च 2020 में आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में शामिल हुए थे। पत्नी स्मृति को आर्मी के ज्यादा बेनिफिट इसलिए मिल रहे हैं, क्योंकि अंशुमान ने उन्हें अपना नॉमिनी बनाया था। साथ ही बताया कि अंशुमान के पिता आर्मी में रिटायर्ड खएग हैं। उन्हें पेंशन और आर्मी की अन्य सुविधाएं मिलती हैं। ऐसे मुद्दे आर्मी के सामने पहले भी आए हैं, खासकर तब जब शहीद के माता-पिता उन पर आश्रित होते हैं, लेकिन आर्मी यूनिट ऐसे मुद्दों को निपटा लेती है। अंशुमान का मामला अलग है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योंकि उनके पिता भी सेना में रह चुके हैं।

### आर्मी में पीएफ और पेंशन के नियम

आर्मी के अधिकारियों ने बताया कि जब एक अधिकारी सेना में नियुक्त होता है, तो वह आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस फंड, प्रॉविडेंट फंड के लिए सबसे करीबी नॉमिनी का नाम देता है। इंश्योरेंस फंड और प्रॉविडेंट फंड के लिए एक से ज्यादा नॉमिनी दिए जा सकते हैं, लेकिन पेंशन के लिए ऐसा कोई विकल्प आर्मी की ओर से नहीं दिया जाता है। आर्मी जॉइन करने के समय ऑफिसर्स ज्यादातर अविवाहित होते हैं। ऐसे में पहले माता-पिता ही नॉमिनी होते हैं, लेकिन ऑफिसर्स की शादी के बाद, इसे अपडेट करने के लिए कहा जाता है। इश्योरेंस फंड और घ्कमें पत्नी और माता-पिता के बीच रकम को आधा-आधा बांटा जा सकता है, लेकिन पेंशन के मामले में एक ही नॉमिनी बनाया जा सकता है और अंशुमान ने अपनी पत्नी को बनाया था।

## डोडा में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर

■ संजीवनी टुडे

### कुछ जवानों के घायल होने की खबर, 8 जुलाई को डोडा हमले में 5 जवान शहीद हुए थे

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के डोडा में सोमवार रात सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर हुआ। वाइट नाइट कॉर्प्स ने ङ्क पोस्ट में जानकारी दी कि खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा के उत्तरी इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया है। पोस्ट के मुताबिक रात करीब 9 बजे सुरक्षाबलों का आतंकवादियों से सामना हुआ। इस दौरान भारी गोलीबारी हुई। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ सैनिकों को चोटें आई हैं। अभियान जारी रखने के लिए अतिरिक्त सैन्यबल को उस क्षेत्र में भेजा गया है। अभियान जारी है। जम्मू डिविजन के डोडा में यह 32 दिन में पांचवां एनकाउंटर है। इससे पहले 8 जुलाई को आतंकियों ने कठुआ जिले में सेना के वाहन पर हमला किया था, जिसमें जूनियर कमीशंड ऑफिसर (खएग) समेत 5 जवान शहीद हुए थे जबकि 5 जवान घायल हुए। उससे पहले 26 जून को एक हमला और 12 जून को दो हमले हुए थे। आतंकियों ने डोडा के भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग की। 5 जवान और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर घायल हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स (जेईएम/जैश) ने ली। डोडा पुलिस ने भद्रवाह, ठठरी, गंडोह में छिपे 4 आतंकियों का स्केच जारी किया था। हर आतंकी की जानकारी देने वालों को 5 लाख का इनाम देने का ऐलान किया गया था। डोडा पुलिस ने भद्रवाह, ठठरी, गंडोह में छिपे 4 आतंकियों का स्केच जारी किया था। हर आतंकी की जानकारी देने वालों को 5 लाख का इनाम देने का ऐलान किया गया था। डोडा जिले के गंडोह इलाके में 26 जून को सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया था। सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था, जिसके बाद सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ था।

### मुंबई हिट-एंड-रन केस के आरोपी की कस्टडी आज खत्म होगी

## महिला को कार से कुचलकर मारा था, पिता ने भागने को कहा था

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। मुंबई हिट-एंड-रन केस के आरोपी और शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह की सात दिन की पुलिस कस्टडी आज खत्म हो रही है। मिहिर को पुलिस ने घटना के तीसरे दिन, करीब 60 घंटे बाद 9 जुलाई को गिरफ्तार किया था। मिहिर 7 जुलाई को बीएमडब्ल्यू से कावेरी नखवा नाम की महिला को कुचलने के बाद से फरार था। सूत्रों ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद मिहिर ने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया। उन्होंने ही उसे भागने के लिए कहा था। इसके बाद मिहिर ने उख्रड कार और ड्राइवर को बांद्रा के कला नगर के पास छोड़ा। पकड़े न जाने के लिए उसने कार की नंबर प्लेट हटाई। कार छोड़ने के बाद वह रिक्शा लेकर गोरेगांव में अपनी गर्लफ्रेंड के घर गया। एक्सीडेंट से गर्लफ्रेंड के घर पहुंचने तक मिहिर ने 40 बार गर्लफ्रेंड से फोन पर बात की। महिरि गर्लफ्रेंड के घर 2 घंटे रुका। इस दौरान गर्लफ्रेंड ने मिहिर की बहन को फोन पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद मिहिर की बहन उसकी गर्लफ्रेंड के घर आई और भाई को लेकर बोरीवली स्थित अपने घर चली गई।

### पुलिस ने दोस्त का मोबाइल ट्रैक कर मिहिर को पकड़ा



इधर, पुलिस मिहिर शाह, उसके परिवार, गर्लफ्रेंड और करीबी दोस्तों के फोन लगातार ट्रैक कर रही थी। हालांकि, सबके फोन स्विच ऑफ थे। इसी बीच सोमवार (8 जुलाई) की रात मिहिर अपने दोस्त के साथ विरार आया। विरार में उसके दोस्त का घर है। मंगलवार (9 जुलाई) की सुबह उसके दोस्त ने 15 मिनट के लिए अपना फोन चालू किया। इसी बीच पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई और मिहिर शाह गिरफ्तार हो गया। इसके बाद पुलिस ने रिजॉर्ट से उसकी मां और बहनों को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि राजेश शाह का परिवार फैमिली कार सहित दो गाड़ियों में रिजॉर्ट गए थे। सबने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए थे और उनके घर पर भी ताला लगा हुआ था। मिहिर को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने 11 टीमें बनाई थीं। क्राइम ब्रांच को भी शामिल किया गया था। उसके खिलाफ एक लुक आउट सर्कुलर (ख्रुए) भी जारी किया गया था। राजेश शाह कार उठवाने की प्लानिंग में थे, तभी पेट्रोलिंग टीम पहुंची पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मिहिर शाह के के भागने के बाद उसके पिता राजेश शाह बांद्रा के कला नगर गए, जहां मिहिर ने ड्राइवर राजऋषि राजेंद्र सिंह बीदावत को कार के साथ छोड़ा था। राजेश शाह उख्रड उठवाने की प्लानिंग में थे। इसी बीच मृत महिला कावेरी नखवा के पति की सूचना पर पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तुरंत कार जब्त की और राजेश शाह के साथ ड्राइवर बिदावत को गिरफ्तार कर थाने ले आई। दोनों को 8 जुलाई को शिवड़ी कोर्ट में पेश किया गया था। राजेश ने कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिस पर कोर्ट ने उसे 15 हजार रुपए के बॉन्ड पर जमानत दे दी थी।

### उपराष्ट्रपति पद के लिए ट्रम्प विरोधी रहे डेविड वेंस के नाम का ऐलान

## रिपब्लिकन कन्वेंशन में ट्रम्प की राष्ट्रपति उम्मीदवारी पर मुहर लगी

■ संजीवनी टुडे

वॉशिंगटन। अमेरिकी राज्य विस्कॉन्सिन के मिल्वॉकी शहर में सोमवार को रिपब्लिकन पार्टी का कन्वेंशन शुरू हुआ। इसमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति उम्मीदवार चुन लिया गया है। उन्हें डेलिगेट्स के 2,387 वोट मिले, जबकि उम्मीदवारी तय करने के लिए 1,215 वोटों की ही जरूरत होती है। इस मौके पर उप राष्ट्रपति पद के लिए जेम्स डेविड वेंस के नाम का ऐलान किया गया। इस दौरान किसी भी डेलिगेट्स ने वेंस का विरोध नहीं किया। वेंस को ट्रम्प का करीबी माना जाता है। वेंस 2022 में पहली बार रिपब्लिकन पार्टी से ओहियो से सीनेट चुने गए थे। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक वेंस ने 2016 में कहा था कि वे कभी ट्रम्प के समर्थक नहीं रहे। उन्होंने ट्रम्प को समस्या हल नहीं करने वाला इंसान बताया था। फिर 2021 में उन्होंने इसके लिए ट्रम्प से माफी मांगी। साथ ही रिपब्लिकन पार्टी से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी। इसके बाद वे ट्रम्प के करीब होते गए। 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के बटलर में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प पर जानलेवा हमला हुआ था। इसमें से एक गोली ट्रम्प के दाहिने कान को चीरते हुए निकल गई थी। इस हमले के अगले दिन ही ट्रम्प रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन के लिए मिल्वॉकी पहुंचे। हालांकि वे कन्वेंशन के पहले दिन ट्रम्प मंच पर नहीं आए। ट्रम्प ने संडे पोस्ट से अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले को लेकर सोमवार को बातचीत की। उन्होंने कहा, ‘मैं यहां नहीं होता, मैं अब तक मर चुका होता। ये बेहद भयानक अनुभव था, जिसने मेरा जीवन लगभग खत्म कर दिया था।‘ उन्होंने बताया कि अगर मैं अवैध प्रवासियों से जुड़े चार्ट को पढ़ने के लिए मुड़ा नहीं होता तो, मैं यहां नहीं होता। एक इंच से भी छोटी गोली ने मेरे कान का एक हिस्सा उड़ा दिया था। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर जेडी वेंस को लेकर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मैंने कई प्रतिभाशाली लोगों को ध्यान में रखते हुए काफी सोच-विचार और विमर्श के बाद यह फैसला किया है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति के पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति ओहियो राज्य के सीनेटर जेडी वेंस हैं।

### ‘सड़क से सदन की लड़ाई को आगे न बढ़ाए‘: भाटी बोले

## तमाम सुझाव भेजें, लेकिन बजट में शिव नहीं, मेरे लोगों को सजा न दें

■ संजीवनी टुडे

बाड़मेर। बाड़मेर के शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने विधानसभा में बजट पर बोलते हुए कहा बजट से पहले तमाम प्रकार की मांग सरकार के सामने रखी। इन्होंने सुझाव मांगे भर-भर के सुझाव भेजे। बजट में एक भी जगह शिव विधानसभा का नाम नहीं डाला गया। मेरे शिव विधायक की तमाम उन जनता ने पूछा कि साहब क्या हुआ शिव का नाम क्यों नहीं आया। मैंने कहा कि साहब इनको मेरा लोकसभा चुनाव लड़ना रास नहीं आया। भाटी ने मांग की सड़क से सदन की लड़ाई को आगे नहीं बढ़ावे, और सीमांत के लोगों की आवाज को सुने और सुविधाएं दिलाए। दरअसल, भजनलाल सरकार के पहले फुल बजट के पिटारे में शिव विधानसभा में स्पेशल एक भी घोषणा नहीं हुई। इसके बाद शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने तेवर तेज कर दिए है। वहीं सदन में इसको पूरजोर तरीके से रखा। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी बजट पर बोलने के दौरान कहा कि मैं मेरी बात उस छोटे से गांव पादरिया से करना चाहूंगा। उस गांव हर दूसरा सदस्य फ्लोराइड पानी की वजह दिव्यांग है।

### स्पीकर ने टोका कि हिंदी में बोले आपका भाषण नोट होगा, अगर नोट नहीं होगा तो क्या काम का आपका बोला हुआ



भाटी को बोलेने के दौरान विधानसभा स्पीकर ने टोका और बोला कि आप हिंदी में बोलेगों तो एंट्री हो जाएगी। आज भी हमारे किसान भाई हाथ में पर्चिया लेकर घूम रहे है। पिछली सरकार ने तो कुछ नहीं दिया इस वजह से विपक्ष में बैठे है। मेरा सरकार और मंत्रियों से मांग है कि किसानों की आवाज को सुना, बिजली की वजह से वो किसान आत्महत्या करने के कगार पर आ गए है। सरकार ने कहा कि हम राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 3.50 मिलियन डालर ले जाएंगे। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि आप बात साढ़े तीन मिलियन डालर की बात तो कर रहो लेकिन सीमांत का क्षेत्र छोड़ दिया। स्पीकर ने फिर टोंकते हुए कहा कि आपके भाषण को रिकॉर्ड में लेना है या क्या करना है। रिकॉर्ड में लेने के लिए हिंदी में बोलोंगे तो हर शब्द नोट हो जाएगा।

## खबरें फटाफट

### शाला पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया


संजीवनी टुडे

पिण्डवाड़ा-सिरोही। शहर के राजकीय उच्च.प्राथमिक .विद्यालय नंबर 25 में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र मेवाड़ा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एवं पार्षद अचलसिंह बालिया, वरिष्ठ नेता नरेंद्रसिंह डाबी, एसएमसी अध्यक्ष जाकिर हुसैन एवं शाला परिवार द्वारा पौधारो ण किया गया । कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पौधों की देखभाल एवं रखरखाव के निर्देश दिए। अध्यक्ष सुरेंद्र मेवाड़ा ने विद्यालय के निर्धन छात्र-छात्राओं को जूते (शूज) वितरण करने की घोषणा की । संस्था प्रधान मनोहरसिंह चौहान ने बताया कि अतिथियों ने विद्यालय भवन का निरीक्षण कर शाला परिवार के साथ बैठक की तथा विद्यालय की पुरी तरह से क्षतिग्रस्त छत एवं प्रार्थना सभा स्थल पर कार्य करवाने हेतु विचार विमर्श किया । कार्यक्रम में संस्था प्रधान मनोहरसिंह चौहान, गोपालसिंह राठौड़, मोहम्मद अकरम, हेमलता पराशर, साधना खेरावत सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विवाह रचाकर माता जानकी सहित जगदीश मंदिर लौटें भगवान जगन्नाथ

संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के गंगा बाग में चल रहे श्री जगन्नाथ महोत्सव के तहत सोमवार को आठवें दिन



भगवान जगन्नाथ माता जानकी सहित रथ पर आरूढ़ होकर पुनः श्री जगदीश मंदिर चौपड़ बाजार पहुंचे। मंदिर के महन्त पूरण दास, पंडित मदन मोहन शास्त्री और मेला कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रसाद तिवारी व सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया कि आठ दिवसीय चलने वाला श्री जगन्नाथ महोत्सव व मेले का समापन सोमवार को भगवान जगन्नाथ जी महाराज की महाआरती के साथ पूर्ण हुआ। इससे पूर्व भगवान जगन्नाथ के रथ का पूजन किया गया और रात्रि 10:15 बजे भगवान जगन्नाथ की महाआरती की गई। सशस्त्र गार्डऑफ ऑनर के साथ भगवान को गरुड़रूपी रथ पर विराजमान कराया गया। भगवान जगन्नाथ का रथ कस्बे की मुख्य बाजारों से होते हुए चौपड़ बाजार स्थित श्री जगदीश जी मंदिर पहुंचें। इससे पूर्व विभिन्न मंदिरों में भगवान जगन्नाथ की घंटे घड़ियाल आदि से आरती की गई। उन्होंने बताया कि आषाढ़ शुक्ल दशमी को माता जानकी के श्री मंदिर पधारने पर की मुंह दिखाई की रस्म अदा की जाएगी। यह कार्यक्रम सुबह 10:15 बजे आयोजित होगा। इसमें सैकड़ो महिलाओं श्रद्धालुओं के द्वारा माता जानकी की मुंह दिखाई की रस्म का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### बैंक शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित हुआ



संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। पंचायत समिति क्षेत्र के गांव सकट में स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा में सोमवार को शाखा प्रबंधक रेखा सैनी का सकट से अलवर में स्थानांतरण हो जाने पर ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि फूलचंद सैनी की अध्यक्षता में शाखा प्रबंधक का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर गांव के गणमान्य नागरिकों द्वारा शाखा प्रबंधक रेखा सैनी का फूल मालाओं एवं शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैंक के हेड कैशियर संतराम मीणा ने बताया कि सकट बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा प्रबंधक रेखा सैनी का स्थानांतरण ओल्ड स्टेशन रोडअलवर की बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा में बैंक के जॉइंट मैनिजर के पद पर हो गया है। शाखा प्रबंधक के विदाई समारोह के मौके पर बैंक के जॉइंट मैनेजर दीपक कुमार चावैरिया, पूर्व सरपंच मोतीलाल मीणा, डॉ भीमसेन सैनी, बीएल मीणा, छोटेलाल सैनी, मोती लाल लाटा, गिर्राज ठेकेदार, शिबू सैनी, राजू, हरिश कमलेश बैनाड़, राजेश सैनी, रामनाथ सैनी, प्रकाश सैनी, राजेंद्र मीणा, पप्पू राम मीणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे ?।

## श्रीमद्भागवत कथा का हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ, पुर्णाहुति में आत्मविभोर होकर झूम उठे श्रद्धालु

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा/सिरोही। नगर के उदयपुर रोड स्थित श्री काशी बाबा आश्रम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। मथुरा वृंदावन धाम से आए कथा व्यास भागवताचार्य मनसुख राम महाराज ने व्यास पीठ पर विराजमान होकर भागवत कथा का श्रवण कराया। श्रीमद्भागवत कथा में विभिन्न धार्मिक प्रसंग सुनाए गए। साथ ही भजनों की प्रस्तुति से भक्तगण आत्मविभोर होकर झूम उठे। जानकारी के अनुसार पिण्डवाडा नगर के मध्य बाजार में स्थित श्री काशीबाबा आश्रम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। भागवत कथा में चार वेद,पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या,प्रभुपाद, पंडित मनसुख राम महाराज के मुखारविंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम,असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार,अनाचार,कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए



युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान मंहत भजनाराम महाराज ने भजन गायन व प्रवचन से उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। इस कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों भक्तों ने आनंद उठाया। भजनाराम महाराज ने कहा कि सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता भागवत के उ देश से हमे प्रेरणा लेकर उसी अनुरूप अच्छा आचरण करना चाहिए। उन्होने कहा कि जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। इस सात दिवसीय भागवत कथा में आस-पास गांव के अलावा दूर दराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। शनिवार को भागवत महोत्सव में प्रसाद का आयोजन दैनिक नवज्योति मिडिया परिवार द्वारा व्यवस्था की गई, जबकि अंतिम दिन समापन अवसर पर कन्हैयालाल सोनी अध्यक्ष श्रीशक्तिमाता ट्रस्ट मंडल द्वारा की गई। श्रीमद भागवत महोत्सव के समापन पर महाआरती का भव्य आयोजन के बाद उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इनकी रही मौजूदगी- इस अवसर पर मंहत रेवानाथ महाराज, संत ममुक्षीराम आमेट, दिलीप भाई प्रजापत,अचल सिंह बालिया, प्रकाशभाई,अनराजजी सोनी, भरत गर्ग, शनिदेव मंदिर समिति के रमेश लौहार, शक्तिमाता ट्रस्ट अध्यक्ष कन्हैलाल सोनी, फकाराम प्रजापत, भुपेन्द्र रमार,अशोक ओ. रावल, शान्ति लाल सोनी, मोहन लाल प्रजापत, गणेशराम हिरागर,पुजारी पुरषोत्तम रावल,बलवन्तसिंह परमार, सवाराम प्रजापत, गोकुलभाई,गोविन्द रावल, विक्रम सोनी,पुखराज सेजारा, अर्जुनसिंह सोलंकी सहित सैकडो श्रृदालुओं की मौजूदगी रही।

## एक कदम पर्यावरण संरक्षण की ओर

संजीवनी टुडे

बसवा(दौसा) । एक कदम पर्यावरण संरक्षण के तहत रविवार को सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम के द्वारा ऐंचेडी,धपावन खुर्द, जगसोली, चांदेरा,गाडंडी आदि जगहों पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया। सुखदेवा गुरु जी ने बताया कि इस कार्यक्रम में बरगद, जामुन, पीपल, करंज, शहतूत आदि सैकड़ों छायादार तथा फलदार पौधे लगाए गए। अपने अपने क्षेत्र में टीम अध्यक्ष पिंटू कुमार व एम के सौगुण ऐंचेडी, रत्तीराम धपावन खुर्द, नरसी जगसोली कोषाध्यक्ष, बाबूलाल गाडंडी, महेश बैरवा, टीम सदस्यों व स्थानीय युवासाथियों ने देखभाल व सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। रत्तीराम धपावन तथा पिंटू कुमार की धर्मपत्नी और बेटी ने पेड़ पौधे लगाकर जन्मदिन मनाया। साथ ही अध्यक्ष महोदय और टीम ने 35 पेड़ पौधे गाडंडी में मंदिर परिसर में दिए और लगाए। टीम के सभी साथियों ने टीम के नियमों की अनुपालना करते हुए स्थानीय और सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ पोधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर विष्णु शर्मा उपाध्यक्ष, रमेश पनियारा, टुंडाराम रेहड़िया पंचायत समिति सदस्य, सोमानी, पूरण, रामखिलाडी,रामकिशन,कंचन, हरगोविंद पटेल जगसोली,मुकेश तलाई, घनश्याम एनजीओ व सुखदेवा मास्टर करनावर, सीताराम आसन,लक्ष्मी नारायण बलाई, उम्मेद चांदेरा, मुंशी टी स्टॉल, हेमचंद राजवास,राजू आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक स्थल पर शराब पार्टी कर रहे लोगो पर पिण्डवाड़ा पुलिस ने ताबड़तोड़ की कार्रवाही

संजीवनी टुडे

विकास कुमार -पिण्डवाडा /सिरोही। नगर के उदयपुर रोड पर स्थित नगर पालिका द्वारा शहीद भगतसिंह के नाम से सून्दर स्टेडियम बनवाया गया था, लेकिन पालिका प्रशासन की अनदेखी का शिकार बननें से अब यह शराबी व पिक्कडो की महफिल का अड्डा बन कर रह गया है। इससे आमजन आहत दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार पिण्डवाडा नगर के उदयपुर रोड पर बीच बाजार में मौजूद शहीद भगतसिंह के नाम से सून्दर स्टेडियम शराबियों का अड्डा बना हुआ था। दिनों-दिन बढ़ रही शराबीयों की महफिल के चलते उदयपुर रोड बाजार में खरीददारी के लिए आने वाले राहगीर, श्रृदालुओं और स्कुली छात्र-छात्राए घबराए महसूस कर रही है। जिसे लेकर व्यापारीयों सहित आमजन में गुस्सा व्याप्त है। जिसकी शिकायत बार बार लगातार पुलिस को मिल रही थी। लोगो की इस पीडा को जानकर पिण्डवाडा पुलिस मय जाब्ते ने रविवार को सिविज ड्रेस में अचानक घेरा डालकर



कार्रवाही को अंजाम देकर कई शराबीयों का हिरासत में भी लिया है। आपको बता दे शहीद स्टेडियम जहा पुर्व में रावण दहन भी हुआ करता था। कई महीनों ने जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है॰ जहां आस-पास के बच्चे खेलने के लिए आते थे, लेकिन कुछ महीनों से रावण मैदान में शाम होते ही शराबी बैठे रहते थे॰ जिससे बच्चो का खेलना भी बंद हो गया॰ वहीं शराबी शराब पीने के बाद उदयपुर रोड़ पर उत्पात मचाने व आने-जाने लोगों को परेशान करने का काम करते थे। रविवार को इस मामले पर संज्ञान लेते हुए पिण्डवाड़ा पुलिस हरकत में आई। पिण्डवाड़ा थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी के कुशल नेतृत्व में सार्वजनिक शहीद स्टेडियम पर दबिश कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। इस कार्यवाही के दौरान कॉन्स्टेबल अभय सिंह,कॉन्स्टेबल लोकेश मीणा,कॉन्स्टेबल जितेन्द्र सिंह,कॉन्स्टेबल प्रवीण डामोर,कांस्टेबल अरजी,112 ड्राइवर सुरेश कुमार सहित पुलिस टीम ने अचानक कार्यवाही कर कई शराबियों को हिरासत में भी लिया। शराबियो पर हुई ॰अचानक कार्यवाही देख लोगों ने थानाधिकारी भाटी सहित पिण्डवाड़ा पुलिस की सराहना की लोगों ने कहा कि ऐसी कार्यवाही समय-समय होती रहनी चाहिए जिससे आमजन भय मुक्त रहे।

## समाजसेवी विष्णु अग्रवाल यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त

संजीवनी टुडे

जयपुर। सवाईमाधोपुर क्षैत्र राजस्थान के मूल निवासी समाज सेवी विष्णु अग्रवाल को मानव समाज के प्रति आपकी जनसेवा की भावना पर्यावरण के प्रति जन चेतना राष्ट्र के प्रति देशभक्ति निष्ठा ईमानदारी के साथ आपकी सक्रियता व बेहतर कार्य को देखते हुए यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ तरुण बांकोलिया ने समाज सेवी विष्णु अग्रवाल को नियुक्ति पत्र जारी कर परिचय पत्र सौपा गया जिसमें यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय सचिव विष्णु अग्रवाल को नियुक्त किया है डॉ तरुण बांकोलिया ने बताया कि आमजन के मानवाधिकारों की रक्षा हेतु एवं अपराधों को रोकने के साथ साथ जनता की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचने के उद्देश्य से काउंसिल के महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल उपाध्यक्ष डॉ आर पी चंद्र आईएएस रिटायर्ड ओ.पी.लांग्यान आईएएस रिटायर्ड श्रीराम ब्याडवाल शिक्षाविद महासचिव डॉ इलियास अहमद व समस्त कार्यकारिणी ने



विचार करने के बाद विष्णु अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त करने का फैसला किया है विष्णु अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण बांकोलिया एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंप गई है इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ बखूबी से निभाऊंगा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बांकोलिया ने बताया कि विष्णु अग्रवाल समाज में व्याप्त अत्याचार उत्पीड़न और शोषण को दूर करने एवं मानवाधिकारों के संरक्षण हेतु जनहित में कार्य करेंगे विष्णु अग्रवाल ने बताया कि अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए सरकार और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना संगठन की प्राथमिकता रहेगी विष्णु अग्रवाल राष्ट्रीय सचिव नियुक्ति मिलने पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रियंका शर्मा हशवंत सिंह चौहान प्रो. विवेक भोज समाज सेवी रवि अजमेरा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रराज मीना प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो.सुर्मिला यादव उषा चौधरी प्रो.डॉ.धर्मेंद्र वर्मा व महासचिव देवनारायण खोलिया सुरजभान बुनकर प्रदेश महासचिव सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष कैलाश सिसोदिया टोंक जिलाध्यक्ष रूपेंद्र ठागरिया उपाध्यक्ष डॉ.गणपत लाल वर्मा भवानी शंकर बांकोलिया, बंशीलाल जैलिया,डॉ.हरगोविंद भारती जगमोहन बैरवा रामलाल दबकिया शुभम वर्मा सुनील कुमार वर्मा विनोद कुमार बैरवा सहित जिले के सभी ब्लॉकों में खुशी व्यक्त करते हुए तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ तरुण बांकोलिया का आभार प्रकट किया गया।

## लायंस क्लब बांदीकुई का 39वां पद स्थापना समारोह सम्पन्न

संजीवनी टुडे

बांदीकुई। लायंस क्लब बांदीकुई का 39वां पद स्थापना समारोह शनिवार सांय 8.00 बजे सुहाना रिसॉर्ट बांदीकुई में संपन्न हुआ जिसमें सत्र 2024- 2025 की नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन के साथ हुआ सचिव लायन डॉ मुकेश शर्मा ने ध्वज वंदना पड़ी ! अध्यक्ष लायन राधामोहन गुप्ता ने सभा आरम्भ करने की घोषणा करते हुये स्वागत उद्बोधन दिया तथा दो वर्ष तक क्लब अध्यक्ष के रूप मे दायित्व देने पर क्लब का आभार व्यक्त किया । क्लब द्वारा अतिथियो का माला दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया, पदस्थापना अधिकारी एव मुख्यवक्ता आदरणीय पूर्व प्रान्तपाल एमजेएफ लायन डॉ देवेन्द्र मदान लायन सुरेश शाहरा को अध्यक्ष पद ,लायन डॉ मुकेश कुमार शर्मा को सचिव लायन अजय प्रकाश सोनी को कोषाध्यक्ष लायन रामप्रताप सैनी को उपाध्यक्ष प्रथम ,डॉ मुकेश गोयल को उपाध्यक्ष द्वितीय, सहसचिव लायन रविन्द्र शाहरा सह कोषाध्यक्ष ला0 डॉं मनीष कुन्ड्रा, ट्रेलट्रिवस्टर लायन रामअवतार गुप्ता,टेमर लायन देवेन्द्र गुप्ता को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा कहा कि लायन्स क्लब बांदीकुई का सपना लायन वृद्ध आश्रम आज की जरूरत है इसे अतिशीघ्र बांदीकुई मे बनाया जावेगा।''सेवा परम धर्म है। जब हम निःस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करते हैं, तो हम अपने भीतर के श्रेष्ठतम गुणों को जागृत करते हैं।'' नवीन अध्यक्ष सुरेश शाहरा ने वर्ष भर का प्लानर बताया और कहा कि जिस विश्वास से उन्हें इस क्लब का नेतृत्व करने का अवसर प्रदान किया है सभी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए सेवा कार्य करने का प्रयास करूंगा!

मुख्य अतिथि प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनिल अरोड़ा ने बोलते हुए कहा कि लायंस में जुडने के बाद व्यक्ति तीन बातें सीखता है पहली लीडरशिप दूसरी फैलोशिप तीसरी और महत्वपूर्ण सर्विस हमें इन तीनों ही बातो को ध्यान मे रखते हुये कार्य करने होगे ! पिडित मानव सेवा करने की लिए लायन्स क्लब उपयुक्त प्लेटफार्म है प्रथम उपाध्यक्ष लायन रामप्रताप सैनी के सानिध्य मे बने लायन्स बस शैल्टर लायन्स की छवि निर्माण का बेहतर उदाहरण है लायन्स क्लब इन्टरनेशनल मे रजिस्ट्रेशन होने के बाद ही नये लायन सदस्य को पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई जावें बांदीकुई होल्ड ऐज होम को तीन महीने मे एलसी आईएफ से ग्रांट दिलाये जाने का वायदा किया तथा क्लब पदाधिकारियों को लायन्स पिन लगाकर सम्मानित भी किया । कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि दौसा सांसद मुरारी लाल मीना जी ने अपने उद्बोधन मे बताया की पीडित मानव की सेवा करना लायन्स का प्रथम कर्तव्य है लायन्स क्लब बांदीकुई के सेवा कार्यो की प्रशंसा की तथा कहां की इस सेवा के मंच पर में हमेशा आपके साथ हूँ! अतिविशिष्ट अतिथि बांदीकुई विद्यायक भागचन्द टांकड़ा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि सेवा की नई मंजिल बनाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति समन्वय और संयुक्त प्रयास होने चाहिए नियम नुसार लायन्स क्लब बांदीकुई को वृद्ध आश्रम के लिए अतिशीघ्र भूमि दिलाने का भरोसा दिलाया कार्यक्रम संयोजक रामअवतार गुप्ता ने आतिथियों का आभार व्यक्त किया पूर्व रीजन चेयरपर्सन एव रीजन एडमिनिस्ट्रेटर लायन सुमेश विजय ने शानदार मंच संचालन किया क्लब द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिये तथा निर्वतमान अध्यक्ष लायन राधामोहन गुप्ता ने सभी क्लब साथियो को लायनिष्टिक वर्ष 2022-2024 तक उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया अन्त मे नवीन अध्यक्ष लायन सुरेश शाहरा ने सभा समाप्त की घोषणा की, इस अवसर पर पूर्व सचिव लायन सुभाष सिंघल , पूर्व प्रान्तीय कोषाध्यक्ष मुरारीलाल शर्मा, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन एमएन तिवाड़ी , लायन राजेश सेठी , लायन डाक्टर जेएल मीना, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन वीरेन्द्र शर्मा , जोन चेयरपर्सन पदम गोयल रीजन सचिव लायन दीपशिखा शर्मा , नगर पालिका वाईस चेयरमेन राकेश शर्मा ,रेखा मदान, सुनिता . विजय, महवा क्लब, राजगढ़ क्लब, मण्डावर क्लब, बांदीकुई कोहिनूर क्लब के अध्यक्ष, सचिव, कोषाघ्यक्ष , लायन प्रमोद व्यास,लायन सुरेन्द्र कट्टा,,लायन डा0 जीआर लांगडी, ला0 डा0 जेपी वर्मा, ला0 डा0 रमेश सैनी, लायन भंवर सिंह नन्देरा, लायन महेश अग्रवाल , लायन ए मुकेश गोयल,लायन मुकेश कसाना, लायन देवेन्द्र गुप्ता, लायन विजय झालानी विभिन्न संस्थाओ के अध्यक्ष सहित शहर के सभ्रांत व्यक्ति उपस्थित थे।

## विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस विशेष: कैंसर उपचार में प्लास्टिक सर्जरी की भूमिका अहम, उपचार के पश्चात स्तन एवं मुंह के पुनःनिर्माण के केसेज में तेजी से हो रही वृद्धि

संजीवनी टुडे

जयपुर। उपचार के पष्चात सामान्य जीवन की शुरूआत में प्लास्टिक सर्जरी प्रकिया अहम भूमिका निभा रहा है। सुपर माइक्रो सर्जरी की सहायता से स्तन पुनर्निर्माण, जबड़ा पुनर्मिर्माण, जननांग पुनर्निर्माण से अंग ना सिर्फ पहले की तरह काम करने लगता है, रोगी को भीर से एक बार पूर्णता का अहसास भी दिलाता है। इससे दिखने वाली विकृति भी खत्म हो जाती है। विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के मौके पर भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के एडवांस्ड रिकंस्ट्रक्शन सेंटर के प्रमुख डॉ उमेष बंसल ने बताया कि अत्याधुनिक माइक्रो वेस्कुलर तकनीक के द्वारा कैंसर ग्रस्त हिस्से को निकालने के पश्चात हड्डी, चमड़ी एवं मासपेषियों को शरीर के दूसरे हिस्से से लेकर पुनःनिर्माण किया जाता है। जिससे पेशेंट को कम से कम विकृति होती है तथा अंग के पहले की तरह कार्य करने की प्रकिया भी जल्द ही शुरू हो जाती प्लास्टिक सर्जरी के द्वारा लोकली एडवांस्ड



कैंसर का इलाज संभव हो सकता है। एक साल में रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की टीम ने सेंटर में 550 से अधिक पुनःनिर्माण सर्जरी करके रोगी के जीवन को पहले की तरह सामान्य करने में अहम भूमिका निभाई है।

### इसलिए है पुनःनिर्माण की आवशकता

प्लास्टिक एंड रिकंसट्रक्टिव सर्जन डॉ सौरभ रावत ने बताया कि सर्जरी के दौरान कैंसर की गांठ को शरीर से बाहर निकाला जाता है, ऐसे में कई बार उपचार के दौरान महत्वपूर्ण अंग जैसे जीभ, आहारनली, जबड़ा, स्तन आदि भी हटाया जाता है। ऐसे में रिकंस्ट्रक्षन सर्जरी की आवशकता होती है। इस सर्जरी की तकनीक में आने वाली आधुनिकताओं से फंक्षनल रिकंस्ट्रक्षन संभव हो रहे है। आज युवाओं से लेकर बुजुर्गो में इस तरह की सफल सर्जरी की जा रही है।

### स्तन एवं जबड़ा पुनःनिर्माण सर्वाधिक

प्लास्टिक एंड रिकंसट्रक्टिव सर्जन डॉ उमेश बंसल ने बताया कि लोगों में इस सर्जरी को लेकर अब जागरूकता बढ़ने लगी है। महिलाओं में स्तन पुनःनिर्माण और पुरूषों में मुंहध्जबड़े के पुनःनिर्माण सर्वाधिक होने लगे है। मुंह के निर्माण से मुंह का टेढ़ापन, मुंह का नहीं खुलना, मुंह से पानी व लार का लगातर टपकना जैसी दिक्कतों से राहत दिलाई जाती है। डॉ बंसल ने कहा कि किसी भी तरह के उपचार के बाद अगर उपचारित अंग में वास्तविक अंग बनावट के विपरीत बनावट दिखे तो रिकंसट्रक्टिव सर्जन से सलाह जरूरी लेनी चाहिए।

## चिमनाराम को आखिर कब मिलेगा न्याय: बीमारी ने नौकरी नहीं करने दी, हक के लिए परिवार लड़ रहा लड़ाई

**पेंशन विभाग प्रकरण बनाकर भिजवाने को लिख चुका पत्र, दोनों विभागों के पेंच में फंसा आश्रित परिवार का पेंशन परिलाभ**

संजीवनी टुडे

सिरोही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और तहसील कार्यालय में नियमित बतौर राजकीय कर्मचारी के रूप में सेवा देने वाले तत्कालीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्वर्गीय चिमनाराम मीणा के आश्रितों को पेंशन परिलाभ का मामला चार दशकों से लटकाने का बड़ा मामला सामने आया है। गंभीर बीमारी की वजह से एक तरफ चिमनाराम अपनी राजकीय सेवा को पुरी नहीं सकें। वहीं, दूसरी तरफ आश्रित परिवार को अपने हक के लिए लंबी लड़ाई लडऩी पड़ रही है। बार-बार उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाने के बावजूद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही आगे की कार्यवाही नहीं कर रहा। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय पर दो विभागों में एक तत्कालीन स्थायी कार्मिक द्वारा नियमित 20 वर्ष से अधिक सेवाएं देने के बावजूद आश्रित परिवार को पेंशन परिलाभ नहीं दिया जा रहा। स्व. चिमनाराम मीणा की पहली नियुक्ति भू-प्रबंध विभाग में सेलदार पद पर वर्ष 1947 में हुई थी और 1955 तक लगातार अपनी सेवाएं दी। राजस्व विभाग में 9 साल तक सेवा देने के बाद राज्य सरकार के आदेशानुसार चिमनाराम मीणा को सरप्लस करके कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर लगाया गया था। जहां पर 23 अगस्त 1955 से 2 अगस्त 1966 तक 11 साल तक नौकरी की थी। यानी दोनों विभागों में 20 वर्ष तक सेवाएं दी। इसके बाद गंभीर बीमारी की वजह से मेडिकल बोर्ड के आधार पर सेवानिवृत्ति दी गई थी। सेवानिवृत्ति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही से होने के बावजूद विभागीय उदासीनता के चलते तत्कालीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्व. चिमनाराम मीणा के आश्रितों को पेंशन परिलाभ नहीं दिया गया। आश्रित परिवार कई वर्षों से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है, फिर भी विभाग का मामले को लटकाने में लगा हुआ है। इस मामले को लेकर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्मिक एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर प्रकरण से बच निकलने में जुटे हुए है। एक कार्मिक कहना है कि इस



मामले से जुड़े दस्तावेज रिटायर हुए कार्मिक पास है उसने अभी तक चार्ज नहीं दिया। जबकि, ऐसा कतई संभव नहीं है कि बिना चार्ज दिए कोई कार्मिक रिटायर हो जाएं। वहीं, विभाग के सहायक निदेशक ने अब दूसरी बार तहसील कार्यालय से पहली नियुक्ति की सेवा का सत्यापन मांगा है। जबकि, पूर्व तहसीलदार नीराज कुमारी कार्मिक की सेवा का सत्यापन संबंधित विभाग को भेज चुकी थी।

### पेंशन विभाग आपेक्षों की पूर्ति भेजने के लिए कई बार लिख चुका पत्र

पेंशनर्स कल्याण विभाग आपेक्षों की पूर्ति भेजने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही को कई बार पत्र लिख चुका है। पेंशनर्स कल्याण विभाग जोधपुर ने तत्कालीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्व. चिमनाराम मीणा के पेंशन नियमों के तहत क्षतिपूर्वक पेंशन व अशक्तता पेंशन का परिलाभ दिलवाने के लिए आपेक्षों की पूर्ति कर पेंशन प्रकरण बनाकर भिजवाने को कहा, जबकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही कभी अपने विभाग जोधपुर को कभी जयपुर के नाम पर मार्गदर्शन नाम महज पत्र लिखकर खानापूर्ति कर रहा हैं। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते तत्कालीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मीणा के आश्रित कई वर्षों परेशानी से अशक्तता पेंशन परिलाभ लेने का संघर्ष कर रहे हैं। आश्रितों को आखिर कब पेंशन परिलाभ मिलेगा? प्रश्न चिन्ह लगाना लाजमी है।

### 20 साल की नौकरी के बाद मेडिकल बोर्ड के आधार पर दी थी सेवानिवृत्ति

स्वर्गीय चिमनाराम मीणा की भू प्रबंध विभाग में सेलदार पद पर प्रथम नियुक्ति 1947 को हुई थी, जहां पर राजस्व विभाग में 1947 से लेकर 1955 तक नौ वर्ष तक सेवाएं देने के बाद राज्य सरकार के द्वारा विभागीय आदेश पर सरप्लस करके कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर लगाया गया था। जहां पर 23 अगस्त 1955 से 2 अगस्त 1966 तक 11 साल तक नौकरी की गई। ऐसे में निदेशालय समाज कल्याण विभाग राजस्थान जयपुर के द्वारा चिमनाराम मीणा को स्थाई कर्मचारी कर दिया गया था। इस अवधि के दौरान गंभीर बीमारी टी.बी.रोग के चलते विभाग द्वारा मीणा को मेडिकल बोर्ड के आधार पर सेवानिवृत्ति दी गई थी। स्व.चिमनाराम मीणा के बीमारी के कारण दिनांक 7 मार्च 1968 देहांत हो गया था। दस्तावेज के आधार पर नियमानुसार 20 साल की सेवावधि हो रही है। सिरोही की तत्कालीन तहसीलदार नीरज कुमारी ने स्व. चिमनाराम मीणा की भू प्रबंध विभाग (राजस्व) में प्रथम नियुक्ति की सेवा अवधि को वेतन के बिलों आधार पर कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सिरोही द्वारा मीणा की भेजी गई सेवा पुस्तिका में वर्ष 1994 से 1955 तक की सेवा अवधि को जोडऩे को लेकर सत्यापित कर दिया गया था, लेकिन उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मनमानी के चलते सेवावधि को नहीं जोडऩे के कारण स्व. चिमनाराम मीणा का पेंशन प्रकरण दबा हुआ पड़ा है। मौजूदा तहसीलदार देशलाराम ने भी हाल में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से भेजे गए पत्र का जवाब बनाकर भेज दिया है। पेंशनर्स कल्याण क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर में तत्कालीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चिमनाराम मीणा के पेंशन प्रकरण को भिजवाने को लेकर निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग राजस्थान जयपुर के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) ने उप निदेशक सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सिरोही को विभाग स्तर पर चिमनाराम मीणा के पेंशन परिलाभ देने के लिए प्रकरण को तैयार कर क्षेत्रीय पेंशनर्स कार्यालय या संयुक्त शासन वित्त (पेंशन) सचिवालय जयपुर भिजवाने का आदेशित किया जा चुका है, लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### इनका कहना है:

मिटिंग में हूं,बाद में बात करता हूं।

राजेंद्र पुरोहित
सहायक निदेशक
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सिरोही

यह मामला अभी तक मेरे ध्यान में नहीं आया है। इसका प्रार्थना पत्र मेरे पास आते ही बोर्ड बिठाकर नियमानुसार परिलाभ दिलवाने की कार्रवाई की जाएगी।


अविनाश गहलोत
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री, राजस्थान सरकार

## खबरें फटाफट

### सराड़ा मे छडी का निकला जुलूस,इमामबाड़ों में ताजियों का निर्माण शुरू, योमे आशुरा 17 को


संजीवनी टुडे

सराडा। इमाम हुसेन की याद में रविवार को सराड़ा में छडी का जुलूस निकला।छडी का जुलूस रजानगर पलटन की मस्जिद चौक से रवाना हुआ जो मोहल्लों के विभिन्न मार्ग से होता हु?आ



कचहरी चौक,गांधी चौक होते हुए रिसाला मस्जिद पहुंचा।सभी या हुसेन के नारे लगा रहे थे और करबला के शहीदो को याद कर रहे थे।रास्तों में प्रसाद व छबील बांटी गई।इस मौके पर सराडा थाने से पुलिस जाप्ता तैनात था। मुस्लिम नव वर्ष के आगाज के साथ ही सराडा के मुस्लिम मोहल्लों में स्थित ईमामबाड़ों में ताजियों का निर्माण शुरू हो गया है।इस मौके पर इमामबाड़ों पर रंग रोगन एवं विद्युत सजावट की जा रही है।वहीं गली मोहल्लों में सबीले सजाई जा रही है।मोहल्लों में इममा हुसैन के अकीतदतमंद श्रद्धापूर्वक अपने घरों पर इस मौके पर बनने वाले विशेष व्यंजन हलीम (खिंचडा) और दूध,खीर,शरबत आदि की सबीले लगा रहे है।विभिन्न मोहल्लो से निकलने वाले अलम के जलसे निकाले जा रहे है।इसके चलते बच्चे इमामबाड़ों पर ही ढोल ताशों पर मातमी धून बजाते देखे जा सकते है।जिनमें ईमामहुसैन की शान में कसीदे पढ़े जा रहे है।पल्टन मोहल्ला में स्थित ईमामबाड़ो पर ताजियों का निर्माण कार्य जोरो पर चल रहा है।वही योमे आशुरा बुधवार।

### मंदिर के पास पुजारी का तीन दिन पुराना शव मिलाः गले में कपड़े का फंदा लगा हुआ था, पुलिस सुसाइड मान रही



संजीवनी टुडे

नाथद्वारा। राजसमंद जिले के तकडियो का गुड़ा क्षेत्र का है। घटना की जानकारी रविवार शाम करीब 6.30 बजे मिली। एएसआई नारुलाल ने बताया कि तकडियो का गुड़ा स्थित माताजी के मंदिर के पास ही पुजारी मंगुनाथ पुत्र चेनानाथ कालबेलिया का शव मिला है। मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं की सूचना के बाद रविवार शाम करीब 7.30 बजे मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई गई। वहीं शव को लालबाग स्थित जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया। पुलिस ने बताया-पुजारी मंगुनाथ का घर मंदिर से करीब 1 किलोमीटर दूर ही है। रविवार सुबह ही पुजारी की पत्नी पीहर गई थी। पुजारी अक्सर में मंदिर में रहते थे। शव करीब तीन दिन पुराना है। पुजारी के गले में कपड़े का फंदा लगा हुआ था। शव के पास पेड़ की टहनी टूटी हुई मिली है। शुरुआती जांच में मामला सुसाइड कर लग रहा है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

### स्ट्रीट वेंडर्स बनकर अवैध तरीके से रह रहे बाहरी लोगों पर होगी सख्ती

संजीवनी टुडे

जयपुर। शहर में स्ट्रीट वेंडर के व्यापार को व्यवस्थित किया जाएगा। स्वरोजगार को बढ़ावा देंगे और अवैध रूप से रहकर ठेल लगाने वाले बंगालदेश और रोहिंग्या पर सख्ती की जाएगी। इसके लिए ग्रेटर नगर निगम सर्वे करवाएगा। ये निर्णय सोमवार को निगम मुख्यालय में फुटकर व्यवसाय पुनर्वास समिति की बैठक में लिया गया। समिति अध्यक्ष अरुण शर्मा ने कहा कि शहर में करीब एक लाख स्ट्रीट वेंडर हैं। इनका रोजगार सुचारू चले, इसका समिति प्रयास कर रही है। इनके ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा जी देश के निवासी ही नहीं हैं। ये लोग यहां आकर आपराधिक घटनाएं भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जो वास्तव में स्ट्रीट वेंडर हैं, उनके लिए निगम की ओर से जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का उनको लाभ मिल सके। स्ट्रीट वेंडर्स को मनमाने ढंग से बेदखल न किया जाए। उनके सामान जब्त न हों या उन पर अनुचित जुर्माना न लगाया जाए। स्ट्रीट वेंडर्स को दुर्घटना राहत, प्राकृतिक मृत्यु के बाद परिजनों मुआवजा, बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए शैक्षिक सहायता मिलनी चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता उदयपुर की बेटियों का कलेक्टर ने किया अभिनंदन

संजीवनी टुडे

उदयपुर। हाल ही में समरकंद उज़्बेकिस्तान में संपन्न हुई एशियाई सीनियर महिला लैक्रोज़ प्रतियोगिता की रजत पदक विजेता रहीं उदयपुर की बेटियों का सोमवार को जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने अपने कार्यालय में स्वागत-अभिनंदन किया और खिलाड़ियों को बधाई दी। कलक्टर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन कर नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया और आगामी दिनों ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एशिया पेसिफिक लैक्रोज़ प्रतियोगिता के शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना। इस अवसर पर कप्तान सुनीता मीणा, जुल्हा कुमारी गुर्जर, विशाखा मेघवाल, डाली गमेती, मीरा दौजा, हेमलता डांगी, दीपिका बामनिया व प्रशिक्षक नीरज बत्रा मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण महाअभियान में हर विभाग ने उत्साह के साथ किया वृक्षारोपण

संजीवनी टुडे

### जिला कलक्टर के नेतृत्व में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत



सलूंबर( राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप मानसून के दौरान सलूंबर जिले में करीब 50 हजार से अधिक पौधे लगाए जाने है जिसके तहत जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली में सोमवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में सघन पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान विधालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। जिला कलेक्टर के पहुंचते ही विद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया साथ ही विधालय के स्टाफ ने जिला कलेक्टर को उपरना और पगड़ी पहनाई गई इसके पश्चात वृक्षारोपण महाअभियान की विधिवत शुभारंभ हुआ। जिले की समस्त राजकीय विद्यालयों में एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों और आयुष आरोग्य मन्दिर पर वृक्षासन योग द्वारा पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया और आयुष मंदिर में प्रातः 6 बजे वृक्षासन योग किया गया वही राजकीय विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर प्रातः 8 बजे वृक्षासन योग किया गया जिले में कुल बालक-बालिका 59186 ने वृक्षासन योग किया साथ ही जिले के 18000 से ज्यादा नरेगा श्रमिको ने योग किया यह संख्या कुल 77186 है जो एक दिन में वृक्षासन योग की बड़ी उपलब्धि है। अभियान की शुरूआत जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली से की। जहां जिला कलक्टर सहित विद्यालय के छात्रऽ छात्राओं और जिला स्तरीय अधिकारियो और विधालय के स्टाफ सहित हर वर्ग एवं उम्र के व्यक्तियों ने पौधारोपण कर विधालय परिसर एवं ग्राम पंचायत को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने बच्चों के साथ भी पौधारोपण किया एवं बच्चों को पौधों की महत्ता के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं और ग्रामीणों से ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने का आग्रह किया। जिस पर जिला स्तरीय अधिकारियो और ग्रामीणों सहित स्थानीय सरपंच, राजकीय विद्यालय के शिक्षकों, ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने उनके द्वारा आगामी दिनों में बड़ी संख्या में पौधे लगाए जाने की घोषणा की।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली में जिला कलक्टर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आमजन, छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राज्य सरकार की दूरगामी सोच के अनुरूप सम्पूर्ण राज्य को हरित राजस्थान बनाने के लिए व्यापक स्तर पर ''मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान'' को अभियान चलाकर सघन पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं उसी प्रकार हमें भी पौधों का पालन-पोषण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे अति आवश्यक हैं साथ ही जिला कलेक्टर ने उपस्थिजनों को जल का महत्व बताते हुऐ जल की सपथ दिलाई। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि सलूंबर जिले में इस मानसून में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। उसके तहत सभी विभागों के लिए पौधारोपण के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छा अनुसार कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं, साथ ही उसकी देखभाल भी करे। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें प्राणवायु देते हैं इसलिए हमारा भी दायित्व है कि इन पेड़-पौधों का अच्छे से पालन-पोषण कर इनका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति नीम, पीपल, बरगद जैसे औषधियुक्त उपयोगी एवं छायादार पौधे लगाएं। इसके पश्चात जिले की ग्राम पंचायत में बड़ी संख्या में नीम, पीपल, बरगद, आम, जामुन आदि छायादार पौधों का रोपण किया गया। जिले में वृक्षारोपण महाअभियान के साथ साथ जल संरक्षण के लिए बड़े पैमाने पर आज पोधारोपण के साथ ही जल संरक्षण की शपथ ली गई।

## इटली में आयोजित ESSKA कांफ्रेंस में बतौर स्पीकर भाग लेंगे डॉ अमित मीना

संजीवनी टुडे



जयपुर। शैल्बी हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और लिगामेंट सर्जन डॉ. अमित मीना को इटली में आयोजित होने वाले यूरोपियन सोसाइटी ऑफ स्पोर्ट्स ट्रॉमेटोलॉजी, नी सर्जरी और आर्थोस्कोपी ( ESSKA) के द्विवार्षिक सम्मेलन ESSKA -2024 में बतौर फैकल्टी और विशेष स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया है। ESSKA दो साल में एक बार आयोजित होने वाली बहुप्रतीक्षित एवं प्रतिष्ठित कांफ्रेंस है, जिसमे यूरोपियन देशो के साथ साथ एशिया पसिफ़िक एवं अमेरिका के भी सभी शीर्ष ऑर्थोपैडिक डॉक्टर सम्मलित होते है और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और उच्च स्तरीय ऑर्थोपैडिक सर्जरी के ऊपर अपना ज्ञान साझा करते है ⁃इस कांफ्रेंस के दौरान डॉ. अमित मीना घुटने के रिप्लेसमेंट एवं लिगामेंट और स्पोर्ट्स इंजरी पर अपनी विशेषज्ञ राय देंगे। साथ ही साथ दुनिया भर से आये जॉइंट रिप्लेसमेंट और स्पोर्ट्स इंजरी डॉक्टरों को जटिल सर्जरी को सफल बनाने की विधि बताएँगे ⁃ डॉ. मीना के पास घुटना रिप्लेसमेंट और लिगामेंट समन्धित क्षेत्र में उच्च विशेषज्ञ अनुभव है। उन्होंने सफदरजंग हॉस्पिटल और एम्स दिल्ली के अलावा यूरोप और अमेरिका के प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। डॉ. अमित मीना भारत की तरफ से से एकमात्र ऑर्थोपेडिक डॉक्टर हैं जो की आमंत्रित फैकल्टी के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. मीना ने दुनिया के शीर्ष ऑर्थोपैडिक कांफ्रेंस एवं मीटिंग्स में कई बार भारत का प्रतिनिधित्व किया है और देश का नाम रोशन किया है । पिछले साल, डॉ. मीना बतौर फैकल्टी के रूप में अमेरिका के बोस्टन शहर में आयोजित ऋद्बइखग्ट्ट (अंतर्राष्ट्रीय जॉइंट रिप्लेसमेंट एंड अर्थरोस्कोपी सोसाइटी ) कांफ्रेंस में भी भाग लिया था और उन्हें ज्वाइंट रिप्लेसमेंट और लिगामेंट सर्जरी के लिए अलग अलग पुरस्कार के लिए चुना गया था। इससे पहले भी डॉ. अमित मीना को यूरोप की सर्वोच्च आर्थोपेडिक संस्था एस्सका के द्वारा सर्वश्रेष्ठ जॉइंट रिप्लेसमेंट का पुरस्कार भी दिया गया और वर्ष 2022 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में सम्मानित किया गया। डॉ. मीना ने यूरोप और उत्तरी अमेरिका के प्रसिद्ध फुटबॉल, बास्केटबॉल, स्कीइंग एवं रेडबुल के खिलाड़ियों का सफल ऑपरेशन किया है। डॉ. मीना जोड़ रिप्लेसमेंट की नवीनतम तकनीकों के साथ ऑपरेशन करते है एवं अपने मरीज़ो को काइनेमेटिक एलाइनमेंट प्रदान करते हैं। इस तकनीक द्वारा किये गए ऑपरेशन से मरीज़ो को जमीं पर बैठने, उकडू बैठने, को क्रॉस करके बैठने में कोई समस्या नहीं होती है। और मरीज़ एक हफ्ते में पूरी तरह ठीक हो जाता है।

## 2 दिन की नवजात थैले में डाल रास्ते में छोड़ाः रोने की आवाज सुन महिला ने गोद में उठाया

संजीवनी टुडे

### डॉक्टरों की निगरानी में रहेगी



राजसमंद।राजसमंद में आज एसआरके कॉलेज के गेट के बाहर 2 दिन की नवजात बालिका मिली। राजनगर पुलिस थाना इंचार्ज रमेश मीणा सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। बालिका स्वस्थ्य है जिसे डॉक्टर की देखरेख के लिए आरके हॉस्पीटल के शिशु वार्ड में पहुंचाया गया। थाना इंचार्ज रमेष मीणा ने बताया कि सोमवार सुबह 11.45 बजे अभय कमांड से सूचना मिली कि एसआरके कॉलेज के गेट के बाहर भ्रूण पड़ा है। जिसके बाद मौके पर राजनगर पुलिस थाने से एएसआई फतेह सिंह, डेड कॉन्स्टेबल अशोक कुमार, युवराज सिंह, महिला कॉन्स्टेबल रुक्मिणी को भेजा गया। कपड़े के थैले में थी मासूम मौके पर भ्रूण के बजाय बालिका मिली। जूट के थैले में कपड़े में लिपटी हुई बालिका थी जो देखने में 2 दिन की लग रही थी। प्रथम दृष्ट्या बालिका को आज सुबह ही कोई छोड़ गया। बच्ची के किसी भी प्रकार की कोई खरोंच व कीड़े-मकोड़ों के काटने के निशान नहीं थे। दो दिन में ही देख ली दुनियापुलिस ने बताया बिलखती बालिका पर सबसे पहले वहां से गुजर रही एक महिला की नजर पड़ी। महिला ने बालिका को थैले से निकाल कर अपनी गोद में लिया। इस दौरान कॉलेज के बाहर स्टूडेंट भी इकट्ठा हो गए। पुलिस आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर रही है कि आखिर इस नवजात को कौन छोड़ कर गया है। आरके हॉस्पीटल के पीएमओ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) रमेश रजक के अनुसार आज एक नवजात बच्ची को हॉस्पीटल के शिशु वार्ड में भर्ती कराया गया। बच्ची दो-तीन दिन की है। उसकी देख-रेख शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा की जा रही है। बच्ची की हालत स्थिर है। बच्ची की देखरेख की व्यवस्था होने तक फिलहाल अस्पताल में ही देख रेख की जाएगी।

## बड़े एक्शन की तैयारी में जेडीए, अगले 15 दिन में इन 11 जगहों पर चलेगा बुलडोजर



संजीवनी टुडे

जयपुर।राजधानी जयपुर में जयपुर विकास प्राधिकरण लगातार अतिक्रमण पर पीला पंजा चला रहा है। इसी क्रम में आज जयपुर के गुर्जर की थड़ी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि जेडीए जल्द एक्शन प्लान के तहत 15 दिन तक शहर की अलग-अलग सड़कों के आस-पास अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। इस मुहिम को अतिक्रमण हटाओ अभियान का नाम दिया गया है। जेडीए ने इस कार्रवाई के लिए 9 जोन की 11 मुख्य सड़कों को चिन्हित किया है। ठक्कमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए थे। इस अभियान के आज पहले दिन गोपालपुरा मोड़ से कार्रवाई शुरू की जाएगी। जिसमें गुर्जर की थड़ी तक तीन किलोमीटर के क्षेत्र में अतिक्रमण पर हथौड़ा चलेगा। इसके अलावा कल मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से श्याम नगर, अजमेर रोड तक अतिक्रमण हटाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, जेडीए 18 जुलाई को जयपुर अस्पताल से दुर्गापूरा पुलिया तक, 19 जुलाई को वैशाली नगर नेशनल हैंडलूम नर्सरी सर्किल गुप्ता स्टोर तक होगी कारवाई, 20 जुलाई को मालवीय नगर फ्लाईओवर से प्रधान मार्ग पर, 22 जुलाई को गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे से 2 सौ फ़ीट बाईपास तक, 23 जुलाई को रामनिवास बाग़ से घाट गेट आगरा रोड घाट की गुणी ईदगाह से ट्रांसपोर्ट नगर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करेगा। वहीं, 24 जुलाई को सांगानेर सर्कल से चोरडिया पेट्रोल पंप सवाईमाधोपुर टूटी पुलिया , 25 जुलाई को झारखंड महादेव तिराहे से तिराहा लता सर्किल, 29 जुलाई को ट्ठख्रट्ट हॉस्पिटल से नारायण सिंह सर्किल त्रिमूर्ति सर्किल से ख्व लॉन से बांगड़ तक और 30 जुलाई को गोपालपुरा बायपास से रामबाग तक अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

### नगर के अटल नगर कॉलोनी में चोरों ने सुने मकान को बनाया निशाना, लाखो रु के गहने चुराए

संजीवनी टुडे

भींडर। नगर के रेल्वे स्टेशन स्थित एलआईसी ऑफिस के पास अटल नगर कॉलोनी में चोरों ने एक सुने मकान में घुसकर लाखो रु के जेवर चुरा लिए। भींडर पुलिस थाने में दी रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी जीवनपाल सिंह



शक्तावत ने बताया कि उसकी माता और बहन अटल नगर स्थित घर मे अकेले रहते है। 11 जुलाई शाम को उसकी माता और बहन रिश्तेदारों के वहां पाली गए हुये थे। पीछे से रात्रि में चोरो ने मौका पाकर घर मे हाथ साफ कर लिया। चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद चोरों ने पूरे घर की तलाशी की एवं सारा सामान बिखेर दिया। एक कमरे में रखी तिजोरी एवं पलंग के लॉक तोड़कर सोने, चांदी के आभूषण एवं 5000 रु की नकदी चुरा ली। अगले दिन पड़ोसियों ने घर का गेट खुला होने की सूचना दी। जिस पर चोरी की वारदात होने का पता चला। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। चोरी हुआ सामानः- चोरी हुए समान में 5000 की नकदी के अलावा 12 तोला सोना एवं 3 किलो चांदी के कई आभूषण थे। चांदी के आभूषण में 1200 ग्राम चांदी की गाय बछड़े के साथ मूर्ति 500 ग्राम चांदी की पाज़ेब जोड़ी 1 900 ग्राम कड़े पैरों में पहनने के 250 ग्राम पाज़ेब जोड़ी 1 150 ग्राम फोलरिया पैरों की अंगुलियों में पहनने की सोने के आभूषण में 2 तोला का शिशफूल (जेला) 3 तोला गले का हार (आड़) 4 तोला हाथों की चूड़ियां 4 नंग 2 तोला गले की चैन 1 तोला अंगूठी शामिल है।

## विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिश्रा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

संजीवनी टुडे



अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के एक प्रतिनिधि मण्डल ने जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया की कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क से संसद तक संघर्ष करती रहेगी। इसी क्रम में अलवर जिले में हो रही सरेआम हत्या, लूट, डैकेती, साईबर ठगी, छेडकानी एवं चैन स्कैचिंग, अलवर जिले की बिगडी हुई कानून व्यवस्था और अलवर जिले में व्याप्त पानी व बिजली की समस्या, अलवर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार एवं अलवर जिले में हो रहे अतिक्रमण पर रोकथाम आदि मांगों के निराकरण को लेकर मिनी सचिवालय में जिला कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की 7 दिन में सरकार द्वारा ज्ञापन की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला पार्षदों, नगर पार्षदों, नगर परिषद एवम पालिकाओं के चेयरमैनों, पंचायत समिति के प्रधानों, पी सी सी, डी सी सी, बी सी सी और एमसीसी के पदाधिकारियों,वरिष्ठ कांग्रेसजनों, कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ शान्ति पूर्ण तरीके से धरना एवम प्रदर्शन करेंगे तथा उसके बाद जिला मुख्यालय पर शान्ति पूर्ण धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जावेगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, राजेंद्र पाल शर्मा, गफूर खान, बलराम यादव, गब्बर मीणा, नेता प्रतिपक्ष विक्रम यादव, प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, जफरुद्दीन, सतीश पटेल, मुबारिक हुसैन, कमलेश सैनी, जीत कौर सांगवान, लीली यादव, उमरदीन खान, हरिशंकर रावत, जगदीश अवस्थी, साजिद खान, जमशेद खान, पंकज शर्मा, रमन सैनी, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, सोनू गोपालिया, गोपाल जायसवाल, पार्षद राजेश सैनी, रवि मीणा,विजेंद्र सेन सुदर्शन अरोड़ा, रामकिशन बैरवा, मुकेश बालेटा, छंगामल लखेरा, सत्यनारायण शर्मा, कमल सेन रहमतुल्लाह खान, वेद प्रकाश गोठवाल आदि मौजूद रहे।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजितः बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिए जुट जाएं अधिकारी : जिला कलेक्टर

संजीवनी टुडे

### अधिकारियों को समय-सीमा तय करने के दिए निर्देश



सलूंबर। राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में बजट पेश करने के बाद उसके त्वरित क्रियान्वयन के मकसद से जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सोमवार को जिला कलेक्टर कक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस तेजी से प्रभारी सचिव ने जिले का दौरा किया है, उसी तेजी से विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के काम में जुट जाएं। गौरतलब है कि शनिवार को इस संबंध में जिले के प्रभारी सचिव प्रज्ञा केवलरमानी ने भी बैठक लेकर समीक्षा की थी। बैठक में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने भूमि अवाप्ति समेत अन्य कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने विभागवार चल रहे कार्यों एवं योजनाओं और पहल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पौधारोपण महाअभियान में सभी विभाग पौधारोपण के लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में अब तक लगाए जा चुके पौधों की संख्या की जानकारी लेते हुए चिन्हित स्थानों पर मनरेगा के माध्यम से गड्डे करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने मानसून के दौरान मौसमी बीमारियों से बचाव एवं तैयारियों की जानकारी लेते हुए जिला अस्पताल सहित प्रत्येक पीएचसी व सीएचसी में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए इस दौरान जिला कलक्टर ने राजकीय अस्पताल में नियमित रूप से व्यापक साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए ताकि बारिश के मौसम में अस्पताल में गंदगी से बीमारियां फैलने का खतरा न हो। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से बांधों पर कार्मिकों की नियुक्ति के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्मिकों को सतर्क रहकर कार्य करने हेतु पाबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी को जिले में सप्लाई किए जा रहे पीने के पानी के नियमित रूप से सैम्पल लेकर जांच करवाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने पशुपालन, रसद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अतरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चन्द्र पाटीदार,जीवनराम मीणा डीओआईटी, पियूष जैन डीईओ, दीपक कुल्हार डीएसओ, हेमन्त खटीक समाज कल्याण विभाग,प्रवीण सिंह एलडीएम, डॉ हरिकेश मीणा पशुपालन विभाग, डॉ जेपी बुनकर सीएमएचओ,पुरषोत्तम लाल उधान विभाग, बृजमोहन गुप्ता,कमलेंद्र प्रताप सिंह सिसोदिया, ममता झाखड़ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बजरी माफियाओं ने पुलिस पर डंपर चढ़ाने की कोशिश कीः नाकाबंदी तोड़कर भागा, डंपर ड्राइवर और मालिक गिरफ्तार

संजीवनी टुडे



राजसमंद । राजसमंद में कांकरोली पुलिस ने अवैध बजरी माफियाओं पर कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान बजरी माफियाओं ने डंपर चढ़ाने का प्रयास भी किया। कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हनुवंत सिंह सोढा के अनुसार अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेषज्ञ अभियान के तहत बजरी माफिया गिरोह के 2 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। कांकरोली पुलिस ने मोही फाटक रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान मोही की तरफ से आ रहे बिना नम्बर के डंपर को रूकवाया, लेकिन ड्राइवर ने डंपर नहीं रोका। ड्राइवर ने डंपर की स्पीड बढ़ा दी और पुलिस की बोलेरो गाड़ी डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। इसके बाद ड्राइवर डंपर को शांति कॉलोनी की तरफ भगा ले गया। इस पर पुलिस ने डंपर का पीछा किया। इस दौरान आसोटिया बाग के पास एक कार बीच में आ गई। जिससे कार, पुलिस की बोलेरो के आगे अवरोध बन गई। इस दौरान ड्राइवर हरि उस्ताद ने डंपर में भरी बजरी बीच रोड पर ही खाली कर दी। बाद में मौके से डंपर लेकर भाग गया। पुलिस ने बाद में डंपर ड्राइवर हरि राम को डिटेन किया। जिससे पूछताछ करने पर उसने डंपर के मालिक का नाम बताया, जो कि कार में सवार था। जिसके बाद पुलिस ने कार में सवार किशन लाल को भी डिटेन किया। पुलिस ने इस मामले में डंपर ड्राइवर हरिराम भील निवासी गुडली और कार में सवार किशन लाल खटीक निवासी मोही को गिरफ्तार किया।

सम्पादक की कलम से.... सम्पादकीय

# शुद्ध साधुता की सफ़ेदी में सिमटा विलक्षण व्यक्तित्व



इक्कीसवीं सदी तो महिलाओं के वर्चस्व की सदी मानी जाती है। उन्होंने विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। उन्होंने राजनीति से लेकर चांद तक अपनी हिम्मत और हौसले की दास्तान लिखकर सिद्ध कर दिया है कि महिलाएं जिस कुशलता से घर का संचालन करती हैं उसी कुशलता से वे व्यापार, राजनीति, शिक्षा, सेवा, चिकित्सा, वकालत आदि हर क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकती है। इन वर्षों में अध्यात्म के क्षेत्र में भी उन्होंने एक छलांग लगाई है और जीवन की आदर्श परिभाषाएं गढ़ी हैं। ऐसी ही अध्यात्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति का चैतन्य रश्मि का, एक आध्यात्मिक गुरु का, एक ऊर्ज़ा का नाम है- साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा। वे जैन धर्म के प्रमुख तेरापंथ संप्रदाय में 19 वर्ष की उम्र में दीक्षित होकर राष्ट्रसंत अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी की महनीय कृति के रूप में लोकप्रिय है। वे त्याग, तपस्या, तितिक्षा, तेजस्विता, बौद्धिकता, चैतन्यता की प्रतीक हैं, प्रतिभा एवं पुरुषार्थ का पर्याय हैं। तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यों के निर्देशन में तेरापंथ के विशाल साध्वी संघ का नेतृत्व करने वाली संघ महानिर्देशिका और महाश्रमणी हैं, उनका साध्वीप्रमुखा पद पर मनोयन विक्रम संवत 2028, माघ कृष्णा त्रयोदशी, शनिवार को राजस्थान के गंगाशहर (बीकानेर) में हुआ, इस वर्ष उनके साध्वीप्रमुखा चयन का गोल्डन जुबली वर्ष है एवं 9 फरवरी 2021 को वे 50वें प्रवेश में करेंगी। तेरापंथ धर्मसंघ में आचार्य का स्थान सर्वोपरि होता है। संघीय संचालन में सहयोग के लिए आचार्य समय-समय पर अंतरंग नियुक्तियां करते हैं। साध्वी समाज की व्यवस्थित सार-संभाल के लिए संघ में साध्वीप्रमुखा के चयन की परंपरा चली आ रही है। साध्वीप्रमुखा की गौरवशाली परंपरा में साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी पहली ऐसी साध्वीप्रमुखा हैं, जिन्होंने इस दायित्व को पचास वर्ष तक संभालकर अपने वर्चस्वी व्यक्तित्व एवं कर्मशील कर्तृत्व से अपनी विशिष्ट पहचान बनायी हैं।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ऐसा ही एक लाइटहाउस है यानी प्रकाश-गृह है, जिसके चारों ओर रोशनदान हैं, खुले वातायन हैं। प्रखर संयम साधना, श्रुतोपासना और आत्माराधना से उनका समग्र जीवन उद्भासित है। आत्मज्योति से ज्योतित उनकी अंतश्चेतना, अनेकों को आलोकदान करने में समर्थ हैं। उनका चिंतन, संभाषण, आचरण, सृजन, संबोधन, सेवा- ये सब ऐसे खुले वातायन हैं, जिनसे निरंतर ज्योति-रश्मियां प्रस्फुटित होती रहती हैं और पूरी मानवजाति को उपकृत कर रही हैं। उनका जीवन ज्ञान, दर्शन और चरित्र की त्रिवेणी में अभिस्नात है। उनका बाह्य व्यक्तित्व जितना आकर्षक और चुंबकीय है, आंतरिक व्यक्तित्व उससे हजार गुणा निर्मल और पवित्र है। वे व्यक्तित्व निर्माता हैं, उनके चिंतन में भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना प्रतिबिम्बित है। आपकी वैचारिक उदात्तता, ज्ञान की अगाधता, आत्मा की पवित्रता, सृजनधर्मिता, अप्रमत्तता और विनम्रता उन्हें विशिष्ट श्रेणी में स्थापित करती हैं। उनकी सत्य निष्ठा, चरित्र निष्ठा, सिद्धांत निष्ठा और अध्यात्म निष्ठा अद्भुत है। अनुशासन और प्रबंधन पटुता से उन्होंने संघ में नए आयाम उद्घाटित किए हैं। साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी का जन्म लाडनूं के बैद परिवार में संवत 1998, श्रावण कृष्णा त्रयोदशी को कोलकाता में हुआ। दादाजी का नाम सदासुखजी, पिताजी का नाम सूरजमलजी और मातुश्री का नाम छोटां देवी था। आपका मूल नाम कलाकुमारी था। धार्मिक एवं श्रद्धानिष्ठ अभिभावक जन के योग अपके मन में बचपन से ही धर्म के संस्कार पनपते गये। आपने सहज भाव से खुद को साधना पथ पर अर्पित किया और ज्ञान, ध्यान, अध्ययन, साहित्य सृजन और मौन इस साधना के मूल कर्म बन गये, व्यक्तिगत अपेक्षा मानो कहीं थी ही नहीं जीवन में। भगवान महावीर के सिद्धांतों को जीवन दर्शन की भूमिका पर जीने वाला एक नाम है साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी। इस संत चेतना ने संपूर्ण मानवजाति के परमार्थ में स्वयं को समर्पित कर समय, शक्ति, श्रम और सोच को एक सार्थक पहचान दी है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो)** : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह)** : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)** : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी)** : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# तीन साल में योगी आदित्यनाथ कितने बदल पायेंगे हालात

अजय कुमार





आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में काफी नुकसान उठाना पड़ा। यूपी की वजह से केंद्र में मोदी की पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बन पाई, जो बीजेपी यूपी में 80 सीटें जीतने का सपना पाले हुए थी, वह 33 सीटों पर सिमट गई। बीजेपी का ग्राफ इतनी तेजी से गिरा की अब तो विपक्षी नेता खासकर राहुल गांधी और अखिलेश यादव तो दिल्ली में मोदी को सबक सिखाने के पश्चात तीन साल बाद 2027 में योगी को भी धूल चटाने की बात करने लगे हैं। 2027 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव होने हैं और तब योगी की प्रतिष्ठा दांव पर होगी। 2027 के चुनाव में जहां राहुल गांधी और अखिलेश यादव बढ़े हुए मनोबल के साथ मैदान में उतरेंगे, वहीं बीजेपी को 2024 के नतीजे कचोटते रहेंगे, जबकि भारतीय जनता पार्टी 2024 जैसे चुनावी नतीजे 2027 विधानसभा चुनाव में नहीं देखना चाहती है। इसीलिये बीजेपी आलाकमान के साथ-साथ सीएम योगी आत्यिनाथ उन मुद्दों की धार कुंद करने में लग गये हैं जिसके सहारे कांग्रेस-सपा गठबंधन ने बीजेपी को आईना दिखाया था। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने संविधान, दलित ओबीसी आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई को बीजेपी के खिलाफ सबसे मजबूत चुनावी हथियार बनाया था। अबकी से राहुल के मुंह से अडानी-अंबानी, नोटबंदी, राफ़ेल विमान खरीद भ्रष्टाचार, चौकीदार चोर है, जैसे तमाम जुमले सुनने को नहीं मिले थे। राहुल गांधी के साथ-साथ अखिलेश यादव भी अपनी जनसभाओं में दो ही बातें दोहराते रहे, पहला मोदी को 400 सीटें मिली तो वह संविधान बदल देंगे, दूसरा दलितों और ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा। इसके अलावा राहुल की महिलाओं को 8500 रूपये प्रति माह देने की गांरटी ने भी बीजेपी का खेल बिगाड़ दिया। चुनाव बाद भी जिस तरह से राहुल गांधी संविधान की किताब लिये घूम रहे हैं उसकी काट के लिये अब मोदी सरकार ने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने के मौके पर कांग्रेस को घेरना शुरू कर दिया है। मोदी के मंत्री से लेकर छोटे-बड़े सभी नेता लगातार बता रहे हैं कि 1975 में किस तरह से तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार ने इमरजेंसी लगाकर संविधान की आत्मा को तार-तार कर दिया था। सदन में तो इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव तक पास हो गया। सबसे खास बात यह रही कि मोदी सरकार जब इमरजेंसी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाई तो इसके खिलाफ कांग्रेस सदन में अकेले ही खड़ी नजर आई। राहुल के सबसे मजबूत साथी समझे जाने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी इमरजेंसी मुद्दे पर कांग्रेस के साथ नहीं गये। बहरहाल, आम चुनाव में इंडी गठबंधन के कुछ दमदार और असरदार साबित हुए मुद्दों की धार को मोदी सरकार कम करने में लगी है तो दूसरी ओर गठबंधन के कुछ मुद्दों की हवा निकालने के लिये योगी सरकार ने अपने कंधों पर जिम्मेदारी ले रखी है। योगी ने इसके लिये अभी से सरकार के पेंच कसना शुरू कर दिये हैं। संगठन स्तर पर भी काम चल रहा है। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के शुरुआती तीन-चार महीनों में सम्पन्न होना है। इस हिसाब से सरकार के पास तीन साल से भी कम का समय बचा है। यह तय माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी खराब छवि वाले विधायकों का टिकट काटने में भी आलाकमान परहेज नहीं करेगा। गौरतलब हो, हाल में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में बीजेपी को उम्मीद से काफी कम सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग ने जो आकड़े जारी किये हैं उसके अनुसार यूपी में 80 लोकसभा सीटें जिसके अंतर्गत 403 विधान सभाएं आती हैं,वहां अबकी से बीजेपी 162 विधान सभा क्षेत्रों में समाजवादी और कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी से पिछड़ गई थी। इन 162 विधान सभा क्षेत्र के विधायकों पर भी गाज गिर सकती है। वहीं 2027 में विपक्ष एक बार फिर से बेरोजगारी को मुद्दा नहीं बना पाये इसके लिये योगी ने सभी खाली पड़े रिक्त पदों को भरने के लिये बम्पर नौकरियां निकाली हैं। अभी एक लाख नौकरियां निकाले जाने की बात कही जा रही है जिसका आंकड़ा 2027 के विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने तक पांच लाख तक पहुंच सकता हे। इसी के साथ पेपर लीक की घटनाओं पर अंकुश लगाने और इसमें लिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिये भी एसटीएफ तेजी से काम कर रही है। बेरोगारी और पेपर लीक की घटनाओं के चलते युवा वर्ग केन्द्र और राज्य सरकारों के खिलाफ काफी आक्रोशित है। उधर, इन युवाओं को गुस्से को विपक्ष हवा-पानी देने का काम कर रहा है। ऐसी ही एक मोदी सरकार की एक और योजना अग्निवीर भी सरकार के लिये बढ़ा मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष लगातार इसे खत्म करने की मांग कर रहा है। इस योजना का दुष्प्रभाव मोदी सरकार लोकसभा चुनाव में देख भी चुकी है। कुल मिलाकर योगी सरकार बम्बर नौकरियां निकाल कर विपक्ष को उसकी बेरोजगारी वाली सियासत से 'बेरोजगार' करना चाहती है। बात सरकार से हटकर संगठन स्तर की कि जाये तो लोकसभा चुनाव में यूपी से मिली चोट भाजपा को बेचैन किए हुए हैं। योगी की छवि पर भी प्रश्न चिन्ह लगा है। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार के गठन के बाद भाजपा के जिम्मेदार अब यूपी में पार्टी के ग्राफ गिरने के कारणों की पड़ताल पर लगा है। पार्टी स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने वोट में आई गिरावट को लेकर चर्चा की। तय किया गया है कि भाजपा के पक्ष में कम मतदान की जांच होगी। दरअसल, यूपी के चुनाव परिणाम से भाजपा के स्थानीय से लेकर शीर्ष नेतृत्व में हड़कंप मचा हुआ है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार करीब नौ फीसदी कम वोट मिले हैं। अब इन्हीं वोट का पता लगाने को लेकर माथापच्ची शुरू हो गई है कि आखिर यह वोट भाजपा से छिटक कर कहां गया। इसका पता करने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें संगठन के पदाधिकारियों के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। फोर्स के सदस्य गांव-गांव जाकर यह पता लगाएंगे कि भाजपा के कोर वोटर माने जाने वाले ओबीसी और दलितों में सेंध किस दल ने लगाया है। यह भी पता लगाया जाएगा कि गैर यादव ओबीसी और गैर जाटव दलितों को भाजपा से बिदकाने में किन-किन लोगों का हाथ है। साथ ही भितरघात करने वाले पार्टी नेताओं का भी पता किया जाएगा। केंद्र में भले ही लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बन गई है लेकिन पार्टी के लिए सबसे मजबूत सियासी जमीन यूपी में खिसकने की टीस सभी नेताओं को हो रही है। इसलिए अब पार्टी ने नुकसान पहुंचाने वालों के साथ उन मतदाताओं के बारे में भी पता लगाने का फैसला किया गया है कि जो इस बार भाजपा के बजाए विपक्ष की तरफ खिसक गए हैं। यूपी में बीजेपी का ग्राफ गिरने की पूरी समीक्षा के बाद यूपी बीजेपी में संगठन स्तर पर भी कई बदलाव हो सकते हैं। यूपी बीजेपी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है और यह दलित अथवा पिछड़ा समाज को हो तो कोई आश्चर्य नहीं है। वैसे कयास यह भी लगाये जा रहे हैं कि योगी सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एक बार फिर संगठन में आना चाह रहे हैं।

**विचार बिन्दु**

**मौर्य के यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रहते 2014 में पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। भाजपा इस बात को लेकर बेहद चिंतित है कि वर्ष 2017 में रिकॉर्ड 312 विधानसभा सीटों और 2022 के विधान सभा चुनाव में भी भगवा परचम लहराकर बहुमत की सरकार बनाने वाली भाजपा अबकी लोकसभा चुनाव में 162 सीटों पर ही कैसे पिछड़ गई। वहीं 2017 में कांग्रेस से हाथ मिलाने पर भी 47 सीटों पर सिमटकर सत्ता गंवाने वाली सपा इस चुनाव में सर्वाधिक 183 सीटों पर आगे रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ दो विधायक वाली पार्टी बनी कांग्रेस, लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन कर 40 विधानसभा सीटों पर अव्वल आई।**

# नर्मदा किनारे बसे भगवान ओंकारेश्वर, यहां चौथे प्रमुख ज्योतिर्लिंग की दो रुपों में होती है पूजा





नर्मदा नदी के किनारे और चारों ओर से पहाड़ी से घिरा मंदिर कस मनमोहक दृश्य है। पहाड़ी के चारों ओर नदी के बहने से यहां ओम का आकार बनता है। यहां माता नर्मदा दो धाराओं में बंटती हैं, जिसके बीच में एक टापू सा स्थान बनता है। इस टापू को मान्धाता-पर्वत या शिवपुरी कहा जाता है। मध्यप्रदेश के इंदौर से 77 किमी दूरी पर भगवान शिव का चौथा प्रमुख ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर के नाम से जाना जाता है। औंकार यानी ऊं का आकार लिए हुए। इस वजह से यहां भगवान ओंकारेश्वर के रुप में पूजे जाते हैं। ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग दो स्वरुपों में ओंकारेश्वर और ममलेश्वर की पूजन होती है।

नर्मदा नदी के किनारे और चारों ओर से पहाड़ी से घिरा मंदिर कस मनमोहक दृश्य है। पहाड़ी के चारों ओर नदी के बहने से यहां ओम का आकार बनता है। यहां माता नर्मदा दो धाराओं में बंटती हैं, जिसके बीच में एक टापू सा स्थान बनता है। इस टापू को मान्धाता-पर्वत या शिवपुरी कहा जाता है। मंदिर में भगवान के आशीर्वाद के साथ प्रकृति का मनमोहक रुप भी दिखता है। देश-दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हालांकि साल 2020 में कोरोना के चलते कुछ विशेष नियमों का पालन करना जरुरी है। सावन मास में इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन और पूजन का बहुत महत्व है। यही वजह है कि सावन के महीने में ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। शिव पुराण में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग को परमेश्वर लिंग भी कहा गया है। धार्मिक मान्यता है कि ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का सावन मास में नाम भी लिया जाए तो सारी समस्याएं खत्म हो जाती हैं।

धार्मिक ग्रंथों में कथा है कि शिव भक्त कुबेर ने कठोर तपस्या की थी। इस तपस्या के लिए धनपति कुबेर जी ने यहां एक शिवलिंक स्थापित किया था। भगवान शिव कुबेर जी की भक्ति से प्रसन्न हुए और कुबेर को देवताओं का धनपति बना दिया। भगवान शिव ने कुबेर के नहाने के लिए अपनी जटाओं के बाल से कावेरी नदी उत्पन्न की थी। यही नदी माता नर्मदा में यहां मिलती है। कावेरी नदी ओमकार पर्वत का एक चक्कर लगाने के बाद संगम पर वापस नर्मदा नदी में मिल जाती है। यही वजह है कि यहां चातुर्मास के खत्म होने के बाद धनतेरस पर खास पूजन होती है। यहां हर साल दिवाली की बारस की रात को ज्वार चढ़ाने का खास महत्व होता है। इसी रात में जागरण भी किया जाता है। धनतेरस की सुबह विशेष अभिषेक भी किया जाता है। इसके बाद कुबेरे, महालक्ष्मी का महायज्ञ किया जाता है। इस पूजन से कुबेर का भंडार मिलता है और सुख शांति की प्राप्ति भी होती है।




## 16 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1999 | जॉन एफ़. कैनेडी के पुत्र जॉन एफ़. कैनेडी जूनियर की विमान दुर्घटना में मृत्यु। |
| 2001 | जैक्स रोगे (बेल्जियम) अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति के आठवें अध्यक्ष बने। |
| 2002 | पराग्वे में आपातकाल की घोषणा। |
| 2003 | पाकिस्तान, सऊदी अरब और 53 अन्य इस्लामी देश, इस्रायल को 2005 तक मान्यता देने पर राजी। |
| 2004 | चीन ने उत्तरी चीन के सबसे बड़े तटीय शहर त्यानचिन में पहला आनलाइन वायु सुरक्षा अभ्यास किया। |
| 2006 | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कोरिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित। |
| 2007 | बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री शेख़ हसीना वाजिद को धन वसूली के एक मामले में गिरफ़्तार किया गया। |
| 2008 | ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर ने गाजा क्षेत्र की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द की। अमेरिका ने अगले पांच सालों में पाकिस्तान को साढ़े सात अरब डॉलर की असैनिक मदद के लिए एक विधेयक पेश किया। |
| 2011 | देश में पिछले एक दशक में गांवों की तुलना में शहरी आबादी ढाई गुना से भी अधिक तेज़ी से बढ़ी है। भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यालय की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशक में देश की जनसंख्या में 17.64 प्रतिशत का इजाफ़ा हुआ है। |

# अवसादग्रस्त जीवन-शैली से कैसे मिलेगी निजात?

**विचार बिन्दु**



**अली खान**

**युवा आबादी कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है।? विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि स्कूल बंद होने से युवाओं की शिक्षा, जीवन और मानसिक कल्याण पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।**

मौजूदा वक्त में मानव जीवन कई दुश्वारियों से होकर गुजर रहा है। आज मानव के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपने मानसिक संतुलन को बनाए रखने की है। आज के इस प्रगतिशील दौर में मानव की अनन्त चाह ने जीवन को खासा प्रभावित किया है। पिछले कुछ समय से आत्महत्या, अवसाद, तनावग्रस्तता जैसे लफ्ज सुनने में बहुत ज्यादा आ रहे है। इसकी एक ही वजह है मानसिक संतुलन बरक़रार नहीं रख पाना। आज मानव कुछ पाने की चाहत में बहुत कुछ गंवा बैठ रहा है। मानव की दुश्चिंताओं में दिनों-दिन बड़ी तेजी के साथ इजाफा हो रहा है। इसके चलते मानसिक असंतुलन की स्थिति पैदा हो रही है, जिसका परिणाम है कि वह अपने आत्मविश्वास, सहनशक्ति और स्पष्ट जीवन लक्ष्य एवं संवेगों पर से नियंत्रण खो रहा है। मौजूदा तथाकथित प्रगतिशील दौर में मानव दुर्गति की ओर बढ़ रहा है। अवसाद और तनाव बढ़ाती जीवन शैली नकारात्मकता, निकम्मेपन और आत्महत्या जैसे विचारों को तरजीह दे रही है। बड़ा सवाल कि आखिर मानसिक स्वास्थ्य किस स्थिति का नाम है? मनोविज्ञानी कुप्पुस्वामी मानसिक स्वास्थ्य को परिभाषित करते हुए लिखते है दैनिक जीवन में इच्छाओं, भावनाओं, आदर्शों तथा महत्त्वाकांक्षाओं में संतुलन स्थापित करने की योग्यता का नाम ही मानसिक स्वास्थ्य है। यह हकीकत है कि आज मानव अपनी इच्छाओं पर से नियंत्रण खोता जा रहा है। अपनी जीवन शैली को इतना दूषित कर रखा है, जिसकी कोई सीमा नहीं है। यदि मानव जीवन को सुखमयी बनाना है तो आवश्यक शर्त यह है कि अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल और विचारों में शुद्धता के साथ-साथ यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने की सख्त दरकार है। इसके अलावा मानव अपने भीतर संतुष्टि की भावना, सहयोग की भावना, पर्यावरण के प्रति सहानुभूति जैसे गुणों को इजाद कर लेता है, तो मानव न? केवल? मानसिक रूप से बल्कि शारीरिक रूप से भी अपने को हृष्ट और पुष्ट पाएगा। यदि हम मौजूदा वक्त की बात करें तो मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौती कोरोना वायरस प्रस्तुत कर रहा है। कोरोना वायरस ने दुनिया के लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्था को धराशाई कर दिया है। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई प्रयत्न किए जा रहे है। इन दिनों भारत में महंगाई शिखर छू रही है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि बदस्तूर जारी है। कोरोना वायरस की दूसरी लहर के कारण लोगों की आमदनी पर बहुत ज्यादा नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। और इधर सर उठाती महंगाई ने मुफलिस वर्ग का जीना दुभर कर रखा है।? कोरोना महामारी ने कई लोगों को हाशिए पर धकेल दिया है। कोरोना काल ने लोगों को भय और आर्थिक विषमताओं से दो-चार होने को विवश कर दिया है। इसके चलते अवसाद की समस्या में बढ़ोतरी हुई है। इसी चलते 2019 के मुकाबले 2020 में आत्म हत्याओं के मामलों में इजाफा हुआ है। आंकड़े बताते है कि 2019 की तुलना में 2020 में आत्महत्या के 499 मामले बढ़े हैं। जानकारों की मानें तो आत्महत्या की वजह सामाजिक, आर्थिक व चिकित्सकीय है। सामाजिक कारणों में अफ़ेयर, शादीशुदा जिंदगी से जुड़ी चीजें, परिवार और मित्रों के साथ आने वाली दिक्कतों ने अवसाद और तनाव की स्थिति पैदा की जिसके चलते कई लोगों ने मौत को गले लगाया। आर्थिक कारणों में बिजनेस का डूबना, नौकरी का छूटना, आय का साधन न होना और कर्ज जैसी समस्याओं ने मानसिक स्वास्थ्य को खासा प्रभावित किया है। वहीं चिकित्सकीय कारणों में लाइलाज शारीरिक और मानसिक बीमारी, गहरा डिप्रेशन, बुढ़ापे की परेशानी और अकेलापन शामिल हैं। ऐसी कई दुश्वारियों के चलते अवसाद की परिस्थितियां पनपी और आत्महत्या का रास्ता अपनाया। भारत के लिए समस्या यहीं खत्म नहीं हो जाती, सबसे बड़ी समस्या देश की युवा आबादी के जीवन से होते मौह भंग की है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा आत्महत्या करने वाली आबादी की उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच की है। ऐसे में यह वाकई बेहद चिंताजनक है। चूंकि युवाओं को? किसी भी समाज में आशा, कल्पना, उत्साह, ऊर्ज़ा, आदर्श व धमनियों में उफनते रक्त का पर्याय माना जाता है। एक नजर हम आत्महत्या के आंकड़ों पर डालें तो पाएंगे कि वर्ष 2020 में सबसे ज्यादा आत्महत्या 18 से 30 वर्ष की उम्र के पुरुषों ने की है, वहीं महिलाओं में भी सबसे अधिक 18 से 30 वर्ष वालों ने ही खुदकुशी की है।

# शाकाहार

## शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

**स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।**

## संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## शाक से मिलता है प्रोटीन




शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

## बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

## कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।


**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

## किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

## शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

## विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

## शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

## मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।


## लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

**आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।**



शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

## मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

## हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।



# कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

## पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।



# ढाई साल में 9 फिल्में और सिर्फ एक हिट...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार एक समय हिट मशीन हुआ करते थे, लेकिन अब फ्लॉप फिल्में उनका पीछा छोड़ने का नाम ही नहीं ले रही हैं। इसकी ताजा मिसाल सरफिरा है। अक्षय कुमार ने ढाई साल में 9 फिल्में की और और सिर्फ एक हिट हुई है। अक्षय एक साल में चार से पांच फिल्में रिलीज करते हैं। अक्षय कुमार एक्शन से लेकर बायोपिक और कॉमेडी फिल्मों में हाथ आजमाते हैं। अक्षय कुमार इस बात की परवाह नहीं करते हैं फिल्म चली या नहीं, वे सिर्फ फिल्में बनाते रहते हैं। अक्षय कुमार एक समय बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी की गारंटी थे। लेकिन क्या अक्षय कुमार का पुराना वाला जादू खत्म हो गया है?

लाइफ Style


# नोरा
## 'तौबा-तौबा' गाने को दिलाई कामयाबी

इन दिनों करण औजला के सॉन्ग तौबा-तौबा ने धूम मचा रखी है। यूट्यूब पर ये गाना पांच करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार करके नंबर वन पर ट्रेंड कर रहा है तो वहीं इस पर जमकर रील्स भी बन रही हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैड न्यूज के इस गानो को विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी पर फिल्माया गया है। लेकिन तौबा तौबा गाने की सफलता में नोरा फतेही का भी कम हाथ नहीं है। अब पूछेंगे गाने में तो वो नजर ही नहीं आईं. कोरियोग्राफी भी उन्होंने नहीं की है। लिरिक्स भी उन्होंने नहीं लिखे हैं। फिल्म में एक्टिंग भी नहीं की है। तो इस गाने की कामयाबी में उनका हाथ हुआ कैसे? हुआ यूं कि इस गाने में करण औजला ने नोरा फतेही और उनके डांस का जिक्र किया है। इस तरह से इस गाने का कनेक्शन सीधे नोरा फतेही से जुड़ जाता है। करण औजला के सॉन्ग तौबा तौबा अपने जिक्र आने पर नोरा फतेही पहले ही खुशी जता चुकी है।

नोरा फतेही ने एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने इस गाने के कुछ स्टेप्स भी किए थे। उनके इस डांस स्टेप्स को देखकर कहा जा सकता है कि गाने में नोरा होतीं तो इसका लेवल कुछ और ही होता। लेकिन नोरा ने इस गाने पर डांस किया तो इस वीडियो को खूब पसंद भी किया गया। वैसे भी फिल्मों के स्पेशल सॉन्ग से नोरा फतेही का कनेक्शन जुड़ना कामयाबी की गारंटी ही है।



## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल-वूल्वरिन की बुकिंग शुरू

**मुंबई।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। रिलीज से पहले फैंस एडवांस बुकिंग को लेकर उत्साहित है। मार्वल स्टूडियोज की 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए रयान रेनॉल्ड्स एक बार फिर वेड विल्सन के रोल में नजर आएंगे। मार्वल स्टूडियो ने भारतीय दर्शकों के लिए 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' की एडवांस बुकिंग आज से शुरू कर दी है, जिसे लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं।



# 'इनसाइड आउट 2' का शानदार प्रदर्शन जारी

**लॉस एंजिलिस।** इस हफ्ते ही 'इनसाइड आउट 2' वैश्विक स्तर पर अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। वहीं, मिनियंस फ्रैंचाइजी वाली 'डेस्पिकेबल मी' वैश्विक स्तर पर 500 करोड़ रुपए का कलेक्शन करने वाली पहली फिल्म बन गई है। इस बीच 'आईओ 2' एक अगस्त को जापान में प्रदर्शित होगी और 'फ्रोजन 2' से आगे निकल दुनिया भर में अब तक की सबसे बड़ी एनिमेटेड फिल्म बन सकती है। ए क्वाइट प्लेसः डे वन' ने विदेशों में लगभग 800 करोड़ रुपए का और वैश्विक स्तर पर लगभग 1600 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। पिछले हफ्ते रिलीज हुई 'ट्विस्टर्स' ने ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और ब्राजील सहित 38 बाजारों में कुल 94 करोड़ की शुरुआती कमाई की है।



# ग्रेसी सिंह को पहचानना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** लगान, मुन्ना भाई MBBS जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ग्रेसी सिंह की लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इतने साल बाद ग्रेसी को देखने के बाद फैन्स ने उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया है। बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने सिर्फ अपनी स्माइल से ही लोगों पर जादू चला दिया था। कोई भी फिल्म हिट कराने के लिए उनकी स्माइल और मासूमियत ही काफी थी। उन्हीं में से एक ग्रेसी सिंह भी हैं। ग्रेसी ने अपने फ़िल्मी करियर में कई मूवीज और शो में काम किया है। उनकी कई फिल्में बेशक फ्लॉप रही हों, लेकिन फैंस को कभी ग्रेसी से शिकायत नहीं रही है क्योंकि वो अपनी एक्टिंग के साथ मासूमियत से लोगों को दीवाना बना लेती थीं। ग्रेसी ने आफताब शिवदसानी के साथ फिल्म मुस्कान में काम किया था।



# करण ने नेहा का किया स्वागत...

**नई दिल्ली।** फिल्ममेकर करण जौहर ने सिंगर नेहा कक्कड़ के साथ अपने कई तस्वीरें साझा की हैं। करण ने तस्वीरें साझा कर नेहा कक्कड़ का अपनी टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी धर्मा कॉर्नरस्टोन में स्वागत किया है। डीसीए की स्थापना साल 2021 में हुई थी। करण ने नेहा के साथ तस्वीरें साझा कर उनके डीसीए में शामिल होने की जानकारी दी है। उन्होंने पोस्ट साझा कर नेहा की प्रशंसा भी की है। करण जौहर ने तस्वीरें साझा कर लिखा, 'हमें नेहा कक्कड़ के हमारे डीसीए म्यूजिक परिवार में शामिल होने पर बेहद खुशी है। मैं नेहा को कई वर्षों से जानता हूं और जब बात म्यूजिक के क्षेत्र में टैलेंट और कड़ी मेहनत की आती है तो वह एक ताकत हैं। आगे बढ़ने के लिए कई रास्ते हैं, जो शक्ति, प्यार और संगीत से भरपूर हैं।'

## टीवी मसाला



# बिग बॉस ओटीटी 3 में वाइल्ड कार्ड से हुई अदनान की एंट्री

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' धमाकेदार तरीके से आगे बढ़ रहा है। अनिल कपूर के जरिए होस्ट किए जाने वाले इस शो में आए दिन किसी न किसी प्रतियोगी के बीच जुबानी जंग देखने को मिल रही है। अब वही, शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री भी हो गई है, जिसके बाद प्रतियोगियों की हवाइयां उड़ी नजर आ रही है। वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट ने एंट्री लेते ही लवकेश पर निशाना साधा है। इस हफ्ते जहां दर्शकों ने चंद्रिका दीक्षित को एलिमिनेट होते देखा। वहीं, कंटेस्टेंट्स के मौजूदा गेम को बढ़ाने के लिए एक नई वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई है। टीम 007 के अदनान शेख ने वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में एंट्री की है। अदनान सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के तौर पर जाने जाते हैं। वह विशाल पांडे और सना सुल्तान के साथ अच्छे संबंध साझा करते हैं। हालांकि, शो के बाहर लोकप्रिय इन्फ्लुएंसर लवकेश कटारिया के साथ उनके संबंध अच्छे नहीं है। शो के बाहर अदनान द्वारा दिए गए कुछ इंटरव्यू में, उन्हें लवकेश को एल्विश यादव का मैनेजर कहते हुए देखा गया था। शो में जब अनिल कपूर ने पूछा, तो अदनान ने एल्विश का नाम लेने से परहेज किया।

## पहली कीमोथेरेपी के बाद काम पर लौटीं

**नई दिल्ली।** टीवी की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में शुमार हिना खान तीसरे चरण के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। ये वक्त उनके लिए काफी मुश्किल भरा है, लेकिन हिना इस मुश्किल समय का सामना जिस बहादुरी से कर रही हैं वो वाकई काबिल-ए-तारीफ है। मुस्कुराते हुए चेहरे और अटूट हौसले के साथ ब्रेस्ट कैंसर का सामना कर रहीं हिना खान ने फैंस के लिए एक मिसाल कायम की है। अभी कुछ दिन पहले ही हिना खान ने अपनी पहली कीमोथेरेपी कराई थी और अब वह सेट पर लौट चुकी हैं। उन्होंने बताया था कि ये वक्त मुश्किल जरूर है, लेकिन वह हौसले और पूरी उम्मीद के साथ इसका डटकर सामना करना चाहती हैं। हिना खान के वीडियो पर एंटरटेनमेंट जगत के कई सितारों ने खूब प्यार लुटाया है। दलजीत कौर, अद्दा खान, गौहर खान, हिमांशी खुराना, गीता फोगाट ने हिना खान के वीडियो पर कमेंट कर एक्ट्रेस का हौसला बढ़ाया है।



# ऋतिक रोशन के साथ हंसते-मुस्कुराते नजर आए अभिषेक और ऐश्वर्या...

*__नई दिल्ली।__ अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की चर्चा देश ही नहीं, विदेश में भी हो रही है। इस शादी की खबरों ने देश और विदेश की मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस समारोह के दौरान कई बड़ी हस्तियां भी नजर आईं। बच्चन परिवार समेत कई बड़े बॉलीवुड कलाकार भी इस शादी में मौजूद थे। इस दौरान कई तस्वीरों में अभिषेक बच्चन और ऐशवर्या राय बच्चन मीडीया को पोज देते नजर आए। इस शादी की एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें अभिषेक और ऐश्वर्या बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन के साथ हंसते और बात करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अनंत और राधिका की शादी के दो दिन बाद तक इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो लगातार वायरल हो रही हैं।*



*शादी में पहुंचे कई विदेशी मेहमान भी अपने-अपने देश लौट चुके हैं, जहां से वो अपने सोशल मीडिया पर इससे जुड़ी तस्वीरें लगातार साझा कर रहे हैं। बीते रविवार ही मशहूर अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल किम कादर्शियन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शादी से जुड़ी तस्वीरें साझा की थीं। इस दौरान उन्होंने ऐश्वर्या के साथ अपनी तस्वीर भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की थी। अब अभिषेक और ऐश्वर्या से जुड़ी एक वीडियो सामने आई है, जिसमें ये दंपति 'फाइटर' अभिनेता ऋतिक रोशन से बातें करता नजर आ रहा है।*

# 'मेरा नाम जोकर' बनाने गिरवी रख दिया था घर

**नई दिल्ली।** राज कपूर एक बेहतरीन एक्टर के साथ शानदार डायरेक्टर भी थे। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में कई शानदार फिल्में बनाई हैं। उनमें से एक मेरा नाम जोकर है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन इसे आज भी कल्ट फिल्मों में गिना जाता है। मेरा नाम जोकर को बनाने में राज कपूर ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। फिल्म के फ्लॉप होने के बाद राज कपूर का दिवाला निकल गया था। मेरा नाम जोकर के बाद राज कपूर कर्ज में डूब गए थे और बहुत ही मुश्किल दौर से गुजरे थे। मेरा नाम जोकर बनाने में राज कपूर को 6 साल लग गए थे। इस फिल्म को बनाने के लिए राज कपूर ने अपने घर से लेकर पत्नी के गहने तक हर चीज गिरवी रख दी थी। इतना ही नहीं, उन्होंने फिल्म बनाने के लिए मार्केट से पैसा भी उठा लिया था मगर जब ये रिलीज हुई तो राज कपूर कंगाल हो गए थे। ये राज कपूर की दूसरी फिल्म थी जिसमें दो इंटरवल थे। उनकी पहली फिल्म संगम थी, जिसमें दो इंटरवल थे। संगम सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं मेरा नाम जोकर बुरी तरह से पिट गई थी।



## पृथ्वीराज सुकुमारन और सुधीर बाबू का होगा जलवा

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा क्राइम-एक्शन का मजा

**नई दिल्ली।** वेब सीरीज और फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए जुलाई का तीसरा हफ्ता डबल धमाकेदार साबित होने वाला है। इस हफ्ते दर्शकों को कई बेहतरीन फिल्में और वेब सीरीज देखने को मिलेंगी। चलिए आपको बताते हैं कि वे फिल्में और वेब सीरीज कौन सी हैं, जो इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। साथ ही, यह भी जानिए कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं?

### कुंग फू पांडा-4



'कुंग फू पांडा 4' पो पर केंद्रित है, जिसे एक नए योद्धा को प्रशिक्षित करना है, जब उसे शांति की घाटी का आध्यात्मिक नेता बनने के लिए चुना जाता है। फिल्म में जैक ब्लैक, इयान मैकशेन, डस्टिन हॉफमैन, जेम्स होंग, ब्रायन क्रैन्स्टन, अक्वाफिना, के हुई क्वान, रोनी चियेंग, लोरी टैन चिन और वियोला डेविस जैसे कलाकार हैं। यह 15 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

### आडुजीविथमः द गोट लाइफ

ब्लेसी द्वारा निर्देशित 'आडुजीविथमः द गोट लाइफ' एक सच्ची घटना से प्रेरित है और यह बेन्यामिन के इसी नाम के समीक्षकों द्वारा प्रशंसित उपन्यास पर आधारित है। इसमें पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





### त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर

अमृत राज गुप्ता और पुनीत कृष्णा के निर्देशन में बनी त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो सीए है, लेकिन उसे मर्जी के खिलाफ कुछ काम करने पड़ते हैं। सीरीज के कलाकारों में मानव कौल, तिलोत्तमा शोम, श्वेता बसु प्रसाद, शुभ्रज्योति बारात, फैसल मलिक, जितिन गुलाटी, अशोक पाठक, नैना सरीन, सुमित गुलाटी, यामिनी दास, नरेश गोसाईं शामिल हैं। यह सीरीज 18 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर धमाल मचाएगी।

### स्वीट होम सीजन-3

'स्वीट होम सीजन 3' चा ह्यून-सू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अप्रत्याशित त्रासदी का सामना करने के बाद अपना घर छोड़ देता है और एक अपार्टमेंट में चला जाता है। जब राक्षस दिखाई देने लगते हैं और लोगों पर हमला करने लगते हैं और लोग बिना किसी मदद के इमारत के अंदर फंस जाते हैं तो चीजें और भी बदतर हो जाती हैं। सीरीज में सॉन्ग कांग, ली जिन-वूक और ली सी-यंग मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि गो मिन-सी, पार्क ग्यू-यंग, ली डो-ह्यून और किम नाम-ही प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'स्वीट होम 3' नेटफ्लिक्स पर 19 जुलाई, 2024 को रिलीज होगी।



# जोमैटो के प्लैटफॉर्म फीस बढ़ाते ही सीईओ दीपिंदर सिंह गोयल बन गए अरबपति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फ़ूड डिलीवरी स्टार्टअप के संस्थापक और सीईओ दीपिंदर सिंह गोयल अरबपति बन गए हैं। हाल ही में जोमैटो ने अपने प्लैटफार्म फीस में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। वहीं, जुलाई 2023 के निचले स्तर से जोमैटो के शेयरों में 300 प्रतिशत की उछाल ने उन्हें बिलेनियर क्लब में एंट्री दिला दी। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर इंडेक्स में दीपिंदर गोयल का नेटवर्थ 1.4 अरब डॉलर है। दुनिया के अमीरों की ताजा लिस्ट में गोयल 2173वें पायदान पर हैं। जोमैटो के शेयर ने एनएसई पर 232 रुपए का नया रिकॉर्ड बनाया और शुरुआती कारोबार में 3 प्रतिशत तक की बढ़त हासिल की, जिससे इसका मार्केट कैप 2 ट्रिलियन रुपए से अधिक हो गया।

- फीस बढ़ोतरी से कंपनी के शेयरों में उछाल दर्ज किया गया

## जोमैटो ने प्लेटफार्म फीस में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की

### जोमैटो शेयर प्राइस हिस्ट्री

आज एनएसई पर जोमैटो के शेयर 225 रुपये पर खुले और 232 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। 23 जुलाई 2021 को शेयर का मूल्य 126 रुपए से बढ़कर अब इस मुकाम तक पहुंचा है। इस अवधि में इसमें 80 फीसदी से अधिक की उछाल दर्ज किया गया है। इसका 52 हफ्ते का लो 76.50 रुपए है। पिछले एक साल में इस स्टॉक ने 183 फीसदी का रिटर्न दिया है। जबकि इस साल अब तक इसमें 82 फीसदी से अधिक की बढ़त रही है।



### प्लेटफॉर्म शुल्क 6 रुपए की

बता दें शेयर ने कंपनी के अपने प्लेटफार्म शुल्क को 5 रुपए से बढ़ाकर 6 रुपए करने की घोषणा के बाद बढ़त हासिल की, जो पहले 5 रुपए था। नई फीस दिल्ली और बेंगलुरु के चुनिंदा मार्केट में लागू होगी। इससे कंपनी की प्रॉफिटीबिलिटी पर थोड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

### गोयल के पास कंपनी के 4.24 फीसदी हिस्सेदारी

खबर के मुताबिक इसके साथ ही जोमैटो के 41 वर्षीय संस्थापक और भारत के सबसे अमीर पेशेवर प्रबंधक बन गए हैं। इनकी कुल संपत्ति 8,300 करोड़ रुपए से अधिक है। गोयल के पास कंपनी के 36.95 करोड़ शेयर या कुल 4.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### बिलेनियर क्लब तक का सफर

मिडिल क्लास फैमिली से आने वाले गोयल ने मैथ्स और कंप्यूटर में आईआईटी दिल्ली से ग्रेजुएशन किया था। फूड के प्रति अपने जुनून से प्रेरित होकर उन्होंने सुविधाजनक भोजन ऑर्डर करने के लिए एक ऐप बनाया। बेन एंड कंपनी में रहते हुए उन्होंने फूडीबाय डॉट कॉम की स्थापना की। इसे बाद में फूड ऑर्डरिंग प्रोसेस को स्ट्रीलाइन करने की क्षमता को पहचानने के बाद जोमैटो डॉट कॉम का नाम दिया गया। साल 2011 में इन्फो एज से शुरुआती फंडिंग के साथ गोयल और उनकी टीम ने जोमैटो के ग्रोथ पर फोकस करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी। कंपनी 2018 में एक यूनिकॉर्न बन गई।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का लाभ 47 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का चालू वित्त वर्ष पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़कर 1,293 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। ब्याज आमदनी बढ़ने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। पुणे के इस बैंक ने 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में 882 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### सेबी सात कंपनियों की 19 संपत्तियां करेगी नीलाम



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, सन प्लांट बिजनेस लिमिटेड और सुमंगल इंडस्ट्रीज समेत सात कंपनियों की 19 संपत्तियों की 12 अगस्त को नीलामी करेगा। अवैध रूप से एकत्र की गई धनराशि को वसूलने के सेबी के प्रयासों का हिस्सा है। नीलामी 12 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

### सनस्टार का आईपीओ 19 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** पेड़-पौधों से विशेष उत्पाद बनाने वाली कंपनी सनस्टार लि. ने 510 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 90 से 95 रुपये प्रति शेयर तय किया है। अहदाबाद की कंपनी के आईपीओ के लिए आवेदन 19 जुलाई से 23 जुलाई तक दिये जा सकेंगे। कंपनी 4.18 करोड़ नये शेयर जारी करेगी जबकि 1.19 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी।

### सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 500 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में सोने की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय बाजार में आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 50 रुपये की मजबूती के साथ 75,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, शनिवार को सोना 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### जोमैटो ने चुनिंदा शहरों में प्लेटफॉर्म शुल्क बढ़ाया

**नई दिल्ली।** खानपान उत्पादों की ऑनलाइन आपूर्ति करने वाले मंच जोमैटो ने दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में प्रत्येक ऑर्डर पर लिए जाने वाले शुल्क को पांच रुपये से बढ़ाकर छह रुपये कर दिया है।जोमैटो के प्रतिद्वंद्वी मंच स्विगी ने एक दिन पहले अपने शुल्क में की गई बढ़ोतरी सोमवार को वापस ले ली। अब स्विगी एक ऑर्डर पर पहले की ही तरह पांच रुपये का शुल्क ले रही है।

### साई लाइफ साइंसेज आईपीओ से जुटाएगी 800 करोड़



**नई दिल्ली।** निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और 6.15 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

## लगातार चौथा माह जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी

# सब्जियों के दाम चढ़ने से थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 फीसदी पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति जून महीने में बढ़कर 16 महीने के उच्चस्तर 3.36 प्रतिशत पर पहुंच गयी।

यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। थोक महंगाई दर फरवरी, 2023 में 3.85 प्रतिशत थी।

### तेल तथा तेल से विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़े

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, 'जून, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विनिर्मित वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि है। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी।



- सब्जियों व विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़े
- खाद्य पदार्थ, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के दाम चढ़े
- सब्जियों की महंगाई दर जून में 38 .76 प्रतिशत रही

### कच्चे तेल की कीमत अस्थिर रही

नायर ने तेल की कीमतों के संबंध में कहा, 'भारत के लिए कच्चे तेल की औसत कीमत जुलाई, 2024 में अबतक काफी अस्थिर रही है। मांग-आपूर्ति में अंतर के कारण, मासिक आधार पर वृद्धि देखी जा रही है।'उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें चालू महीने में थोक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ा सकती हैं।

*ईंधन और बिजली हुई मामूली महंगी: ईंधन और बिजली की महंगाई दर 1.03 प्रतिशत रही। यह मई के 1.35 प्रतिशत से मामूली कम है। हालांकि, माह के दौरान कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की मूल्य वृद्धि दहाई अंक में 12.55 प्रतिशत रही। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति जून में 1.43 प्रतिशत थी, जो मई के 0.78 प्रतिशत से अधिक है।*

### खुदरा मुद्रास्फीति पांच फीसदी से ऊपर पहुंची

जून में थोक महंगाई दर में वृद्धि खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुरूप थी। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है।

### प्याज की महंगाई दर 93 फीसदी रही

सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। आलोच्य महीने में फलों की मुद्रास्फीति 10.14 प्रतिशत, अनाज 9.27 प्रतिशत और दूध की महंगाई दर 3.37 प्रतिशत रही।

### सभी प्रमुख क्षेत्रों के दाम बढ़े

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जून, 2024 में थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि व्यापक थी। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई, 2024 में थोक मुद्रास्फीति लगभग दो प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर अपना 'प्योरइट' ब्रांड बेचेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- कंपनी एओ स्मिथ इंडिया को 600 करोड़ रुपए में यह ब्रांड बेचेगी
- सौदा एचयूएल की मूल कंपनी यूनिलीवर के वैश्विक लेनदेन का हिस्सा

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने दूषित जल साफ करने वाले अपने कारोबार ब्रांड 'प्योरइट' को लगभग 600 करोड़ रुपये में एओ स्मिथ इंडिया वॉटर प्रोडक्ट्स को बेचने की सोमवार को घोषणा की। यह सौदा एचयूएल की मूल कंपनी यूनिलीवर के वैश्विक लेनदेन का हिस्सा है।

वैश्विक स्तर पर यूनिलीवर ने कहा कि उसने अपने ब्रांड प्योरइट को प्रमुख वैश्विक जल प्रौद्योगिकी कंपनी एओ स्मिथ को बेचने पर सहमति जताई है। प्योरइट भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, वियतनाम और मेक्सिको सहित अन्य देशों में पानी को साफ करने से संबंधित समाधान पेश करती है। निदेशक मंडल की 15 जुलाई को हुई बैठक में ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और अन्य बौद्धिक संपदाओं एवं चिह्नित परिसंपत्तियों और व्यापार से जुड़े अनुबंधों सहित 'प्योरइट' ब्रांड के तहत कंपनी के पानी साफ करने वाले व्यवसाय की एओ स्मिथ इंडिया वॉटर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचने और विनिवेश को मंजूरी दी गई। एचयूएल ने कहा कि यह लेनदेन 7.2 करोड़ डालर (लगभग 600 करोड़ रुपये) के उद्यम मूल्य पर किया जा रहा है। बीते वित्त वर्ष में वॉटर प्यूरिफायर व्यवसाय का कारोबार 293 करोड़ रुपये था, जो एचयूएल के कुल कारोबार का एक प्रतिशत से भी कम है।

### एओ स्मिथ को मिलेगी ताकत

इस अधिग्रहण पर एओ स्मिथ इंडिया वॉटर प्रोडक्ट्स के अध्यक्ष पराग कुलकर्णी ने कहा, 'उपभोक्ता जरूरतों और पानी साफ करने की विशेषज्ञता के बारे में प्योरइट टीम की गहरी समझ भारत में एओ स्मिथ को जबर्दस्त ताकत देती है।' शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक, यह लेनदेन परंपरागत समापन शर्तों के अधीन है और एचयूएल लेनदेन के पूरा होने तक प्योरइट व्यवसाय का प्रबंधन करती रहेगी।

# सेंसेक्स 145 अंक चढ़कर सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड
- एसबीआई के शेयरों में रही खरीदारी

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 145 अंक से अधिक की तेजी के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। निफ्टी भी नये शिखर पर पहुंच गया।

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.52 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 80,664.86 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 84.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,586.70 अंक के नये शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 132.9 अंक की बढ़त के 24,635.05 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बजट को लेकर सकारात्मक रुख के साथ घरेलू बाजार में तेजी बनी हुई है। इसके अलावा मजबूत एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) प्रवाह और आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर वित्तीय नतीजों से भी बाजार को बढ़त मिल रही है।'

*ब्याज दर बढ़ने से एसबीआई चढ़ा : सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक सबसे ज्यादा 2.55 प्रतिशत चढ़ा। कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में वृद्धि की घोषणा के बाद बैंक का शेयर चढ़ा।*

## अशोक लेलैंड को 2,104 पूर्णतः निर्मित बसों का मिला ठेका



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से पूर्णतः निर्मित 2,104 बसों का ठेका मिला है। कंपनी बयान के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) से मिला यह अभी तक का सबसे बड़ा ठेका है। इन 'वाइकिंग' यात्री बसों का निर्माण अशोक लेलैंड के विशेष 'बस बॉडी' संयंत्रों में किया जाएगा। कंपनी ने ठेके के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेनू अग्रवाल ने कहा कि यह नया ठेका एमएसआरटीसी के साथ कंपनी की दीर्घकालिक साझेदारी का एक हिस्सा है। अग्रवाल ने कहा, 'यह ठेका अत्यधिक कुशल तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत उत्पादों के उत्पादन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो देश में सार्वजनिक परिवहन की वृद्धि को बढ़ावा देगा।'

## हिंडाल्को महाराष्ट्र में एकमाया प्रॉपर्टीज को जमीन बेचेगी

**नई दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज महाराष्ट्र के कलवा में एक जमीन 595 करोड़ रुपये में बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचेगी। कंपनी ने 12 जुलाई 2023 को कहा था कि निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के कलवा स्थित जमीन को बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'उपरोक्त लेन-देन अब बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड (बिरला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के बजाय) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया जाएगा।

# देश का जून में निर्यात और व्यापार घाटा बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- जून में निर्यात 2.56 फीसदी बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पर
- आयात बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर

वैश्विक चुनौतियों के बावजूद जून में भारत का वस्तुओं का निर्यात 2.56 प्रतिशत बढ़कर 35.2 अरब डॉलर हो गया जबकि इस महीने आयात भी बढ़ने से व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया।

जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल, दालों और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की आवक बढ़ने से जून में आयात में लगभग पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 56.18 अरब डॉलर हो गया। निर्यात की तुलना में आयात अधिक बढ़ने से देश का व्यापार घाटा जून में बढ़कर 20.98 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में व्यापार घाटा 19.19 अरब डॉलर था। मई में देश का वस्तु निर्यात 9.1 प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर रहा था, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस तरह अप्रैल-जून, 2024 में व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 56.16 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 62.26 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर कहा कि मौजूदा रुझान को देखते हुए देश से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात चालू वित्त वर्ष में 800 अरब डॉलर से आगे निकल सकता है।

### सोने के आयात में रही बड़ी गिरावट

जून में सोने का आयात 38.66 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ तीन अरब डॉलर रह गया। पहली तिमाही में सोने का आयात 1.91 प्रतिशत घटकर 9.51 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों से पता चलता है कि जून में निर्यात की गई सेवाओं का अनुमानित मूल्य 30.27 अरब डॉलर है जबकि जून, 2023 में यह 27.79 अरब डॉलर था।

### सेवाओं के आयात में वृद्धि

वहीं सेवाओं का आयात एक साल पहले के 15.61 अरब डॉलर से बढ़कर जून में 17.29 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। इसके अलावा प्रमुख निर्यात गंतव्यों- अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मलेशिया, बांग्लादेश, तंजानिया, नीदरलैंड और सिंगापुर को भारत से हुए निर्यात में खासी तेजी देखी गई।

## कॉल ड्रॉप की समस्या से परेशान है मोबाइल ग्राहक

**नई दिल्ली।** लगभग 89 प्रतिशत मोबाइल उपयोगकर्ताओं को पिछले तीन माह में कॉल ड्रॉप की समस्या का सामना करना पड़ा है और 10 में से नौ लोगों ने कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप के जरिये कॉल करने के लिए वाई-फाई नेटवर्क का इस्तेमाल किया है। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में सोमवार को यह आकलन पेश किया गया। ऑनलाइन सर्वेक्षण फर्म लोकलसर्किल्स ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मार्च और जून के बीच मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं को कॉल ड्रॉप की अधिकता का सामना करना पड़ा है। यह सर्वेक्षण 362 जिलों से विभिन्न सवालों पर आई कुल 32,000 प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

# सुप्रीम कोर्ट का अदाणी समूह पर अपने फैसले की समीक्षा से इंकार

- अदाणी पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने का लगा था आरोप
- कोर्ट ने एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने अदाणी समूह पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने पांच मई के अपने आदेश में कहा, ''समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।''

*सेबी ने 24 जांच की स्थिति के बारे में किया था सूचित : समीक्षा याचिका में दावा किया गया था कि इस फैसले में 'गलतियां और त्रुटियां' थीं, और याचिकाकर्ता के वकील को हासिल कुछ नई सामग्री के आलोक में फैसले की समीक्षा के लिए पर्याप्त कारण थे। याचिका में कहा गया था कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में न्यायालय को केवल आरोपों के बाद की गई 24 जांच की स्थिति के बारे में सूचित किया था लेकिन उसने इनके पूरा होने या अधूरे होने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी थी।*

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हुआ था जानलेवा हमला

# डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़ी कंपनियों के स्टॉक में जबरदस्त उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर एक चुनावी रैली के दौरान हुआ जानलेवा हमला उनकी कंपनियों के लिए फायदेमंद होता दिखाई दे रहा है। इस हमले से डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव जीतने की संभावना बढ़ गई है।

इसके चलते उनकी मीडिया कंपनी ने प्रीमार्केट रैली में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसा माना जा रहा है कि मई के अंत से 37 फीसदी की गिरावट झेल चुके कंपनी के शेयर अब तेजी से ऊपर जाएंगे। सोमवार को न्यूयॉर्क में प्रीमार्केट ट्रेडिंग में ट्रम्प मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप के शेयर 67 फीसदी बढ़कर लगभग 50 डॉलर पर पहुंच गए हैं। पिछले काफी समय से कंपनी के शेयर लगातार नीचे जा रहे थे।

- उनकी मीडिया कंपनी प्रीमार्केट ने बेहतर प्रदर्शन किया




### ट्रुथ सोशल 2021 में की गई लांच

शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर गोली चलाई गई थी। गोली उनके कान में लग गई थी। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने घोषणा की कि वह ठीक हैं और चुनाव प्रचार जारी रखेंगे। ट्रम्प मीडिया के पास सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल के मेजॉरिटी शेयर हैं। ट्रुथ सोशल को साल 2021 में प्रमुख साइटों द्वारा डोनाल्ड ट्रम्प पर बैन लगा देने के बाद लांच किया गया था।

### ट्रुथ सोशल के शेयर 75 फीसदी ऊपर गए

कंपनी के बाकी के शेयर रिटेल इनवेस्टर्स के पास हैं। इस साल अब तक ट्रंप मीडिया का स्टॉक 75 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को क्रिप्टोकरेंसी समर्थक के रूप में देखा जाता है। इसलिए क्रिप्टो स्टॉक भी ऊपर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा उनके राष्ट्रपति बनने से लाभ की उम्मीद पाले जेल ऑपरेटर समेत कई कंपनियों के स्टॉक भी ऊपर चढ़ सकते हैं।

### जेल ऑपरेटर कंपनियों के स्टॉक में आया उछाल

क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस ग्लोबल, बिटकॉइन माइनर्स रायट प्लेटफॉर्म्स इंक और मैराथन डिजिटल के शेयरों में 6 फीसदी से 7 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। जेल ऑपरेटर जियो ग्रुप और कोरसिविक के शेयरों में भी लगभग 7 फीसदी की वृद्धि हुई है। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने पर देश में अवैध तरीके से घुसे लोगों पर नकेल कसने का वादा किया है। इससे हिरासत केंद्रों की मांग बढ़ सकती है। बंदूक निर्माता स्मिथ एंड वेसन ब्रांड्स में 2.7 फीसदी की तेजी आई है। सॉफ्टवेयर डेवलपर फुनवेयर के स्टॉक ने भी 50 फीसदी की छलांग लगाई।

## अमेठी, श्रीनगर में मुहर्रम जुलूस में लगे आपत्तिजनक नारे

# भड़काऊ नारेबाजी में 7 गिरफ्तार, फिलिस्तीन के झंडे भी लहराए

*अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है। इस पर पुलिस ने कार्रवाई भी की। उधर, ऐसी ही खबर श्रीनगर से है। यहां देश विरोधी झंडे लहराए गए और नारेबाजी भी की गई।*

एजेंसी ▶▶ अमेठी/श्रीनगर

उत्तर प्रदेश के अमेठी में रविवार की शाम मुसाफिरखाना कस्बे में निकले मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने की बात सामने आई है।

इस आरोप में अमेठी की कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर 7 लड़कों को पकड़ा है। पुलिस ने वायरल वीडियो के जरिए इन लड़कों की पहचान की। वीडियो में कुछ अन्य लड़के भी नजर आ रहे हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

### अमेठी की कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मामला



**अन्य समुदाय की भावनाओं को ठेस लगी**

मुहर्रम के जुलूस में आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद एसआई राजेश कुमार ने इस मामले में कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर के मुताबिक मुहर्रम के जुलूस में कुछ लड़कों द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भड़काऊ नारे लगाए गए। कोतवाली पुलिस ने एसआई की तहरीर पर कई अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 302 व 353 (2) के तहत केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू की।

### श्रीनगर के आठवें मुहर्रम जुलूस में हंगामा

### गाजा के समर्थन में की नारेबाजी, भारी भीड़ रही



कश्मीर के शिया समुदाय ने सोमवार को पारंपरिक गुरु बाजार-डलगेट मार्ग पर शोक के आठवें मुहर्रम का जुलूस निकाला। अधिकारियों ने बताया कि जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, क्योंकि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया था।जुलूस सोमवार तड़के शहर के गुरु बाजार इलाके से शुरू हुआ और जहांगीर चौक और मौलाना आजाद रोड से होते हुए निर्धारित मार्ग से गुजरा और फिर डलगेट पर समाप्त हुआ।

### दो जगहों पर लहराया गया फिलिस्तीन का झंडा


*इस जुलूस के दौरान एक दो अन्य स्थानों पर फिलिस्तीन झंडा लहराने और नारों की खबरें इंटरनेट मीडिया पर दिख रहीं। यह लगातार दूसरा साल है, जब अधिकारियों ने मुहर्रम जुलूस को पारंपरिक मार्ग से निकालने की अनुमति दी है।कश्मीर में आतंकवाद के पनपने के बाद जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, क्योंकि आशंका थी कि अलगाववादी भीड़ का गलत मकसद से दुरुपयोग कर सकते हैं।*

### जुलूस के लिए दिया गया था सीमित समय

*यह जुलूस कर्बला में शहीद हुए पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की याद में मनाया जाता है। अधिकारियों ने जुलूस के लिए सीमित समय दिया था, इसलिए सुबह 5.30 बजे हजारों लोग गुरु बाजार में एकत्र हुए, ताकि सामान्य जीवन प्रभावित न हो।अधिकारियों ने बताया कि यातायात विभाग ने मुहर्रम जुलूस के दौरान अपनाए जाने वाले मार्गों के बारे में शहर के निवासियों को जानकारी दे दी गई थी।*

## खबर संक्षेप

### 22 तक बढ़ी मनीष सिसोदिया की हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया।

### किरोड़ीलाल राजस्थान भाजपा की कमान लेंगे!



**जयपुर।** राजस्थान भाजपा की कार्यसमिति की बैठक जयपुर के जेईसी में संपन्न हो गई। खबर यह है कि भाजपा संगठन में जल्द ही फेर बदल होने वाला है। कार्यसमिति की बैठक बतौर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का यह आखिरी बड़ा कार्यक्रम था। अब विधानसभा उपचुनाव नए अध्यक्ष की अगुवाई में होंगे। इसके लिए किरोड़ी लाल मीना का नाम सामने आ रहा है।

### बिहार में ट्रेन से आरडीओ का अपहरण



**पटना।** पटना से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है। ग्रामीण विकास अधिकारी (आरडीओ) दीपक कुमार पाठक का कोसी एक्सप्रेस ट्रेन से अपहरण हो गया है। वे बरौनी से गया जा रहे थे। फोन से उन्होंने खुद परिवारवालों को अपने अपहरण की सूचना दी। खुसरुपुर स्टेशन की घटना बताई जा रही है। यहां से उनको किडनैप किया गया। ट्रेनिंग में शामिल होने ट्रेन से जा रहे थे।

### पूजा के माता-पिता फरार, फोन स्विच ऑफ



**पुणे।** ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एक किसान को कथित रूप से धमकाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुणे ग्रामीण पुलिस ने सोमवार को दावा किया है कि पूजा के आरोपी माता-पिता फरार हैं और दोनों का फोन बंद आ रहा हैं। एसपी पंकज देशमुख ने बताया कि 'आरोपी फरार हैं। हम उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं।

### केजरीवाल की जमानत अर्जी पर टली सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी द्वारा कथित दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी। अब सुनवाई 7 अगस्त को होगी। हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी।

## संसद सुरक्षा चूक का मामला, 2 अगस्त को किया जाएगा पेश

# दिल्ली पुलिस ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट, यूएपीए के तहत केस चलेगा

### *पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया, 6 पर मामला दर्ज*



*1000 पन्नों का आरोपपत्र पेश*





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में अब आरोपियों को दो अगस्त को कोर्ट में पेश किया जाएगा और सुनवाई होगी। इस मामले में दिल्ली के राज्यपाल वीके सक्सेना ने सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

अब पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दिया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सात जून को इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था।

### समीक्षा समिति ने भी जांच-पड़ताल की थी

इस मंजूरी से पहले समीक्षा समिति (डीओपी, तीस हजारी, दिल्ली) ने भी 30 मई को जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए संपूर्ण साक्ष्यों की जांच की। जांच में संसद हमले के मामले में आरोपियों की संलिप्तता पाई गई थी। इसे देखते हुए समीक्षा समिति ने पाया कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला बनता है। दिल्ली पुलिस ने लोकसभा में सुरक्षा अधिकारी द्वारा की गई शिकायत पर संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की तहत एफआईआर दर्ज की। बाद में मामले की जांच संसद मार्ग पुलिस स्टेशन से पीएस स्पेशल सेल, नई दिल्ली की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को स्थानांतरित कर दी गई थी। जांच के दौरान उपरोक्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और वर्तमान में वे सभी न्यायिक हिरासत में हैं। अब इनके खिलाफ दिल्ली के उप राज्यपाल ने सख्त कार्रवाई की मंजूरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में कोर्ट में पूर पत्र भी पेश कर दिया गया है।

### उपराज्यपाल सक्सेना ने अनुमति प्रदान की



इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छह आरोपियों पर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इन लोगों पर 13 दिसंबर 2023 को सदन की कार्यवाही के दौरान संसद पर कथित रूप से हमला करने का आरोप है।

#### अवैध प्रवेश और धुए के केन फेंकने का आरोप

*आरोप है कि मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम, ललित झा और महेश कुमावत नामक लोगों ने संसद में अवैध प्रवेश किया। सत्र के दौरान लोकसभा में धुएं के केन फेंके। दिल्ली पुलिस ने उपराज्यपाल से यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत उनके अभियोजन का अनुरोध किया था। एलजी ने रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री पाए जाने पर अभियोजन स्वीकृति प्रदान की।*

### नीट-यूजी की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

### राजस्थान हाईकोर्ट का मामला सभी केस शीर्ष कोर्ट में सुने जाएं



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नीट-यूजी 2024 परीक्षा से संबंधित दायर याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। याचिका में राजस्थान हाईकोर्ट के सामने लंबित मामलों को शीर्ष कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की गई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें नीट-यूजी 2024 के नतीजों को रद्द करने और परीक्षा को फिर आयोजित के निर्देश देने की मांग की गई है। याचिकाओं में पेपर लीक होने और कई अन्य गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं। याचिकाओं के जरिए अभ्यर्थियों ने शीर्ष अदालत में प्रतिपूरक अंक और परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों में विसंगति का मुद्दा भी उठाया था।

## तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट

# रकुल प्रीत के भाई से 2.6 किलो कोकीन जब्त, 30 लोगों के नाम

### हैदराबाद कमिश्नर करेंगे सभी सदस्यों की जांच पड़ताल और सिफारिश



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह के भाई अमन प्रीत सिंह को लेकर बड़ी खबर है। हैदराबाद के कोकीन रैकेट में उनका नाम सामने आया है। इस सूची में 30 लोगों के नामों का खुलासा हुआ है। तेलंगाना एंटी नारकोटिक्स डिपार्टमेंट को 2.6 किलो कोकीन मिला है, जिसे बेचने के लिए हैदराबाद लाया गया था।

टीम ने इस रैकेट का भंडाफोड़ किया और 30 संभावित ग्राहकों की पहचान की। (इनमें एक शख्स एक्टर का रिश्तेदार भी है)। ये सभी 30 नाम हैदराबाद कमिश्नर को आगे की जांच पड़ताल के लिए सौंपे गए हैं। अमन स्ट्रगलिंग एक्टर हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में काम कर चुके हैं। उन्हें ट्रैवलिंग का काफी शौक है। अमन को लेकर हुए विवाद पर अभी रकुल और उनकी फैमिली के किसी भी सदस्य की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसके पहले मुंबई में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था।

### ड्रग्स केस में रकुल भी फंसी थीं

साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ड्रग्स केस की जांच के दौरान रकुल का नाम भी सामने आया था। कई एक्ट्रेसेज का नाम इस केस से जुड़ा था। इसमें रकुल भी शामिल थीं। रिया चक्रवर्ती से पूछताछ में उन्होंने सारा अली खान और रकुल प्रीत का नाम लिया था। मीडिया में अपना नाम आने पर एक्ट्रेस ने नाराजगी भी जताई थी। खुद के खिलाफ मीडिया कवरेज रोकने की खातिर उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। एक्ट्रेस का कहना था उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। कोर्ट में रकुल के वकील ने दलील देते हुए कहा था कि एक्ट्रेस न ही ड्रिंक करती हैं और न स्मोकिंग।

### मूवीज में काम कर रहीं रकुल

वर्कफ्रंट पर रकुल साउथ और बॉलीवुड मूवीज में काम करती हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्म इंडियन 2 है। उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में मेरी पत्नी का रीमेक, इंडियन 3, दे दे प्यार दे 2 शामिल है। 2024 में रकुल की उनके लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी से शादी हुई।

## हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# 3 जनवरी के फैसले की समीक्षा याचिका खारिज, अडाणी जीते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने 3 जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया।

### सीबीआई को जांच सौंपने के लिए दिया था शीर्ष कोर्ट में आवेदन



#### समीक्षा याचिका को नामंजूर कर दिया

*पीठ ने 5 मई के अपने आदेश में कहा कि समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है। याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की 'व्यापक जांच' कर रहा है और इसका आचरण 'भरोसा जगाता है।'*

### मुंबई से गोरखपुर आ रही ट्रेन में लगी आग



**पुणे।** महाराष्ट्र के मुंबई स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर आ रही एक ट्रेन के डिब्बे में सोमवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है।

यह आग ब्रेक बाइंडिंग की वजह से ट्रेन के एक पहिए में लगी थी। इस आग पर तुरंत ही काबू पा लिया गया। इस ट्रेन को ठाणे जिले के ठाकुरली स्टेशन पर ही रोक लिया गया।

## जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' निकली

**पात्रा ने किया दंडवत प्रणाम**



पुरी। जय जगन्नाथ के जयकारों और झांझ-मंजीरों की ध्वनि के बीच भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' या वापसी उत्सव सोमवार को पुरी में शुरू हुआ। भाजपा सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ दंडवत प्रणाम किया। वे घुटनों के बल भी चले।

## गृहमंत्री शाह ने 3 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से की बात, जाने हाल

# बाढ़-बारिश से बिगड़े हालातों पर हरसंभव मदद देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश से उपजी स्थिति का जायजा लिया।शाह ने असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल से फोन पर बात की। शाह ने स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया भरोसा दिया।

### *असम, यूपी और गुजरात सीएम से की फोन पर बात*



#### सैकड़ों जानें जा चुकी

*असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं।*

**हैदराबाद में यात्रियों से भरी कार बही**

हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों भारी बारिश हुई। यहां के विभिन्न इलाकों में जम जमाव हो गया। मुशीराबाद इलाके में तो सड़क पर इतना पानी भर गया कि एक कार डूब गई। कार में 4 लोग सवार थे जो पानी में कार के साथ बहने लगे। कार को बहते हुए देख स्थानीय लोगों ने कार को रोका और शीशा तोड़कर उसमें सवार 4 यात्रियों को बचाया गया।

#### देश के कई हिस्सों में बारिश का अलर्ट



*मौसम विभाग ने 5 दिन के दौरान कोंकण, गोवा, केरल, तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के कुछ भागों और मध्य महाराष्ट्र तथा गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में मूसलाधार बारिश की संभावना व्यक्त की है। असम, मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों तथा गुरुवार तक उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में भी तेज बारिश हो सकती है। केरल के 3 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के मलप्पुरम, कॉसरगोड जिलों में भारी बारिश की संभावना है। एर्नाकुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, कोझिकोड और वायनाड जमें ऑरेंज अलर्ट किया है।*

## वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाला

# भाजपा ने कर्नाटक सरकार को बताया कांग्रेस का एटीएम

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा ने महर्षि वाल्मीकि जनजातीय विकास निगम में कथित घोटाले के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा नेताओं ने सरकार के खिलाफ विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला। कर्नाटक में महर्षि वाल्मीकि जनजातीय विकास निगम में कथित तौर पर 180 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला हुआ है। एसआईटी द्वारा इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने शिवकुमार की याचिका खारिज की



सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को झटका दिया है। कोर्ट ने शिवकुमार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपने ऊपर आय से अधिक संपत्ति के कथित मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की थी। शिवकुमार ने मामले के भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)